दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

अमन लेखनी

नंगे पैर मां नैना देवी के दर्शन कर रखा व्रत

अंजलि ने बयां किया बदनामी का दर्द

वर्ष : 12 | अंक : 286 | लखनऊ, 13 अक्टूबर, मंगलवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

देश को शोर नहीं, सच चाहिए, आरोप नहीं, प्रमाण पेश करें, राजनीतिक बयान छोड़कर स्पष्ट जवाब दें

लोकसभा नेता प्रतिपक्ष पर भड़के भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर

राहुल गांधी कहने के लिए तो नेता प्रतिपक्ष है, लेकिन वे एक ऐसे नेता है जिन्हे न तथ्यों का पता है, न तर्क का पता है और न ही नियम-कानून का पता है। उन्हें सिर्फ अराजकता फैलाने, अस्थिरता पैदा करने, संवैधानिक पदों और संस्थाओं को नीचा दिखाना आता है

राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख/नई दिल्ली,

भाजपा ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में सुप्रीम कोर्ट तक विपक्षी दलों के मार्च पर निशाना साधा। भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि राहुल गांधी कहने के लिए तो नेता प्रतिपक्ष हैं, लेकिन वे ऐसे नेता हैं जिन्हें न तथ्यों का पता है, न तर्क का पता है और न ही नियम-कानून का पता है।

उन्हें सिर्फ अराजकता फैलाने, अस्थिरता पैदा करने, संवैधानिक पदों और संस्थाओं को नीचा दिखाने तथा दुनिया भर में भारत की छवि को कमजोर कैसे करना है, उन्हें सिर्फ यही करने आता है। यह देश का दुर्भाग्य है कि नेता प्रतिपक्ष के पद पर बैठे व्यक्ति का आचरण इतना अराजक, अस्थिर और अगंभीर नजर आता है। उनके लबों पर लफ्ज है- वोट चोरी... दरअसल वो कर रहे हैं जनादेश के साथ सीनाजोरी। राहुल गांधी सिर्फ हवा-हवाई बातें करते हैं, क्योंकि वो हवा-हवाई नेता हैं। इनके राजनीति का पूरा पैटर्न ही हवा-हवाई है। ये बार-बार आरोप लगाते हैं और फिर कोर्ट में जाकर माफी मांगते हैं। ये इनका ट्रैक रिकॉर्ड है।

दुनियाभर में भारत की छवि को कमजोर कर रहे

कांग्रेस की नीति, राज नहीं तो अराजकता फैला दो

नई दिल्ली के बाराखंभा रोड पर विरोध प्रदर्शन के दौरान जुटा अपार जनसमूह

सड़कछाप भाषा का प्रयोग और निराधार आरोप लगा रहे

सांसद ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी की अब हालत ये हो गई है कि वो सिर्फ सड़क छाप भाषा का प्रयोग और निराधार आरोप लगाने का काम कर रहे हैं। देश को शोर नहीं, सच चाहिए, आरोप नहीं, प्रमाण चाहिए, राजनीतिक बयान नहीं, स्पष्ट जवाब चाहिए। ये राष्ट्रपति के पास गए और जब सबूत मांगा गया तो भाग गए।

सुप्रीम कोर्ट ने तो राहुल गांधी से साफ साफ कह दिया कि कोर्ट को आप राजनीति का रण-क्षेत्र नहीं बना सकते। राहुल गांधी को सिर्फ ये लगता है कि सड़क पर जाऊंगा और बार-बार झूठ बोलूंगा तो लोग सच मान लेंगे। राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी का फंडा है- राज नहीं तो अराजकता फैला दो।

ज्ञानेश का इस्तीफा मुख्य मांग: टीएमसी

इंडिया ब्लॉक में शामिल ममता बनर्जी ने कहा कि सरकार इतनी डरी हुई है कि उसने आम लोगों के लिए ट्रेनें भी रोक दी हैं। आप समझ सकते हैं कि लोगों को कितनी परेशानी हुई होगी। ज्ञानेश कुमार का इस्तीफा हमारी मुख्य मांग है।

सीईसी की नियुक्ति से जुड़ा कानून रद्द हो: औवेसी



एआईएमआईएम अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने सीईसी और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से जुड़े कानून को रद्द करने की मांग की। नियुक्ति प्रक्रिया में पीएम और विपक्ष के नेता के साथ भारत के मुख्य न्यायाधीश को भी शामिल करना चाहिए। कानून में सीईसी और चुनाव आयुक्तों को सेवानिवृत्ति के बाद कानूनी सुरक्षा देने वाले इस कानून को रद्द करना चाहिए।

लोकतंत्र बचाना हमारी जिम्मेदारी: सपा

समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि आंदोलन और धरना-प्रदर्शन जारी रहेंगे। लोकतंत्र को बचाना हमारी जिम्मेदारी है। भाजपा को हटाने पर

ही देश बचेगा। भाजपा को हटाने पर ही लोकतंत्र बचेगा। भाजपा चुनाव आयोग के साथ मिलकर संविधान और लोकतंत्र को नष्ट करना चाहती है। वह हमेशा सत्ता में बने रहना चाहती है। ये फर्जी मतदाता सूचियां बनाते हैं, फर्जी वोट डलवाते हैं और चुनावी नतीजों में हेरफेर करते हैं। हम उपलब्ध सभी कानूनी और व्यावहारिक तरीकों को अपनाएंगे। सरकार को हमारी बात सुननी चाहिए और चुनाव आयोग को हटाना चाहिए।

भाजपा के लिए सब कुछ 'डेमोकुर्सी' का मामला: कांग्रेस

कांग्रेस महासचिव और संचार प्रभारी जयराम रमेश ने जंतर-मंतर को प्रदर्शन स्थल की सूची से हटाए जाने को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री



अमित शाह पर निशाना साधा। पार्टी ने आरोप लगाया कि अब उनके लिए लोकतंत्र का कोई महत्व नहीं रह गया है और उनके लिए सब कुछ 'डेमोकुर्सी' यानी सत्ता की कुर्सी का मामला बनकर रह गया है। यह पीएम और गृह मंत्री की जोड़ी में व्याप्त 'अत्यधिक घबराहट' का स्पष्ट संकेत है। उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक जंतर-मंतर अब वह स्थान नहीं रहेगा, जहां लोकतंत्र को रोजाना मजबूती देने वाली खुराक मिलती थी।

मार्च से पहले सुरक्षाबल मुस्तैद

अप्रिय घटना को रोकने बाराखंभा रोड और मंडी हाउस के पास सुरक्षा कर्मियों की तैनाती

विरोध मार्च से पहले की बैठक

दिल्ली में विरोध मार्च से पहले इंडिया ब्लॉक के नेताओं ने संविधान क्लब में एक बैठक की

विरोध प्रदर्शन मार्च में नेहा बोरा और योगेंद्र यादव भी शामिल हुए

खबर संक्षेप

स्कूल वैन की टक्कर से 3 चचेरे भाइयों की मौत

बदायूं। यूपी के बदायूं जिले में सोमवार को तेज रफ्तार स्कूल वैन की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार



तीन चचेरे भाइयों की मौत हो गई, जबकि उनका एक दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक का हाल ही में अग्निवीर भर्ती के लिए चयन हुआ था। पुलिस के मुताबिक, यह हादसा अपराह्न करीब ढाई बजे बिसौली कोतवाली क्षेत्र में हुआ।

पूर्व सीएम केजरीवाल पर एफआईआर दर्ज

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल समेत आप नेताओं और विधायकों के

खिलाफ दिल्ली सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी की शिकायत पर एफआईआर दर्ज की है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि गुरुद्वारा बंगला साहिब परिसर में हंगामा किया गया और उसके बाद गुमराह करने वाले वीडियो पोस्ट कर फैलाए गए।

पूर्व सीएम विजयन के खिलाफ 2 एफआईआर

तिरुवनंतपुरम। केरल में कथित सीएमआरएल रिश्वत मामले में सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक

ब्यूरो (वीएसीबी) ने पूर्व सीएम पिनराई विजयन और उनके परिवार के सदस्यों के खिलाफ दो प्राथमिकी दर्ज की। सूत्रों ने यह जानकारी दी। वीएसीबी की विशेष जांच इकाई-1 ने ये प्राथमिकी दर्ज की हैं।

ईडी की कोलकाता में 8 ठिकानों पर छापेमारी

कोलकाता। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धनशोधन के एक मामले की जांच के सिलसिले में सोमवार

सुबह कोलकाता में आठ ठिकानों पर छापेमारी की। एक अधिकारी ने बताया कि दक्षिण कोलकाता के टॉलीगंज और शरत बोस रोड के आसपास स्थित कई परिसरों में तलाशी ली गई। केंद्रीय एजेंसी ने संदिग्ध वित्तीय धोखाधड़ी को लेकर यह रेड की।

8वें वेतन आयोग की दशहरे के बाद तुरंत होगी बड़ी बैठक

49 लाख केंद्रीय कर्मचारियों और 68 लाख से अधिक पेंशनभोगियों को मिलेगा फायदा

8वां केंद्रीय वेतन आयोग (सीपीसी) अभी सलाह-मशविरे के दौर में है। सुप्रीम कोर्ट की रिटायर्ड जस्टिस रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता वाला यह आयोग फिलहाल विभिन्न कर्मचारी यूनियनों, प्रतिनिधियों, समूहों, पेंशनभोगी संघों, फेडरेशनों और अन्य संबंधित पक्षों के साथ बैठकें कर रहा है

अमन लेखनी समाचार/नई दिल्ली,

आठवें वेतन आयोग के पास रिपोर्ट तैयार कर उसे सौंपने के लिए अब बस कुछ ही महीने बचे हैं। 3 नवंबर 2025 इसकी समय-सीमा शुरू हुई थी। फिलहाल बैठकों का दौर जारी है। 8वां केंद्रीय वेतन आयोग (सीपीसी) अभी सलाह-मशविरे के दौर में है। सुप्रीम कोर्ट की रिटायर्ड जस्टिस रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता वाला यह आयोग फिलहाल विभिन्न कर्मचारी यूनियनों, प्रतिनिधियों, समूहों, पेंशनभोगी संघों, फेडरेशनों और अन्य संबंधित पक्षों के साथ बैठकें कर रहा है। इससे पहले आयोग कई राज्यों का दौरा कर चुका है।

अभी हाल ही में बेंगलुरु में भी बैठक हुई थी। अब दशहरे के तुरंत बाद एक और बड़ी बैठक होने वाली है, जिसमें कई बड़े मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है। समय के साथ बढ़ती महंगाई और बदलती अर्थव्यवस्था को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार हर 10 साल में अपने कर्मचारियों के भत्ते, वेतन और पेंशन में बदलाव के लिए वेतन आयोग या सीपीसी का गठन करती है। हालांकि, सरकार हर 6 महीने में महंगाई भत्ता (डीए) बढ़ाती है, लेकिन एक समय बाद सिर्फ डीए बढ़ाने भर से काम नहीं चलता। सरकारी कर्मचारियों के जीवन स्तर में सुधार के लिए बेसिक सैलरी में भी बदलाव की जरूरत पड़ती है।

आयोग के पास रिपोर्ट सौंपने के लिए मई, 2027 तक का समय

आठवें वेतन आयोग को 1 जनवरी 2026 से लागू माना जा रहा

8वें वेतन आयोग की बैठक (फाइल फोटो), आयोग की अध्यक्ष रंजना देसाई

रिपोर्ट को केंद्रीय वित्त मंत्रालय और मंत्रियों का विशेष समूह

कैबिनेट से मिलेगी हरी झंडी

कैबिनेट से हरी झंडी मिलने पर सरकार आधिकारिक गजट नोटिफिकेशन जारी करती है। फिर जाकर विभाग नई सैलरी का कैलकुलेशन शुरू करते हैं। इस पूरे प्रोसेस में 3-6 महीने का वक्त और लग सकता है।

आयोग 1 जनवरी से लागू माना जा रहा

भले ही आठवें वेतन आयोग को 1 जनवरी 2026 से ही लागू माना जा रहा है, लेकिन आयोग द्वारा रिपोर्ट तैयार कर इसे सरकार को सौंपना बाकी है। इसके बाद इसे सरकारी मंजूरी मिलने के बाद ही बढ़ा हुआ पैसा कर्मचारियों के बैंक अकाउंट में आएगा। चूंकि आयोग के गठन के बाद इसे अपनी रिपोर्ट तैयार करनेके लिए मई, 2027 तक का समय दिया गया था। माना जा रहा है कि अगले साल के आखिर तक यह पूरी तरह से लागू होगा। रिपोर्ट सौंपने के बाद केंद्रीय वित्त मंत्रालय और मंत्रियों का एक विशेष समूह इन सिफारिशों का बारीकी से अध्ययन करेगा। इसमें यह देखा जाएगा कि वेतन और पेंशन में प्रस्तावित बढ़ोतरी से देश के खजाने पर कितना बोझ पड़ेगा और किन-किन बदलावों को मंजूरी दी जा सकती है और किन्हें नहीं। समीक्षा पूरी होने के बाद इसे केंद्रीय मंत्रिमंडल के पास भेजा जाता है।

22-23 अक्टूबर को मुंबई में होगी बैठक

8वां वेतन आयोग 22-23 अक्टूबर (गुरुवार-शुक्रवार) को मुंबई का दौरा करेगा। इससे पहले दिल्ली में 8वें वेतन आयोग की मीटिंग 7 और 10 अगस्त को हुई थी। जयपुर में 31 अगस्त और 1 सितंबर को मीटिंग हुई। उसके बाद चेन्नई में 7-8 सितंबर को, पुडुचेरी में 9 सितंबर को और चंडीगढ़ में 16 से 18 सितंबर तक मीटिंग हुई। हाल ही में बेंगलुरु में 7 और 8 अक्टूबर को मीटिंग हुई।

8वें वेतनमान देने वाला पहला राज्य बना असम: बिस्वा

केंद्र सरकार ने नवंबर 2025 को 8वें वेतन आयोग के गठन को मंजूरी दे दी थी। जिसके बाद एक समिति गठित हुई है और वो अब तमाम राज्यों में बैठक कर कर्मचारियों की मांगों का जायजा ले रही है। इसी बीच असम के सीएम मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने एक्स पर 11 अक्टूबर को गुवाहाटी में हुए एक सरकारी कार्यक्रम के दौरान का वीडियो शेयर किया है, इस वीडियो के साथ कैप्शन में उन्होंने लिखा कि असम देश का पहला राज्य बन जाएगा जो 8वां राज्य वेतन आयोग गठित करेगा।

पंजाब सरकार को सुप्रीम कोर्ट से राहत

एफआईआर होगी दर्ज, लेकिन दंडात्मक कार्रवाई पर लगी रोक

सीबीआई सरकार के अधिकारियों पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच कर रही

अमन लेखनी समाचार/नई दिल्ली,

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को निर्देश दिया कि सीबीआई पंजाब सरकार से जुड़े लोगों के खिलाफ कोई सख्त कार्रवाई न करे। सीबीआई राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच कर रही है। यह आदेश पंजाब सरकार की उस याचिका पर आया है जिसमें हाई कोर्ट के उस निर्देश पर रोक लगाने की मांग की गई थी, जिसमें सीबीआई को राज्य सरकार से जुड़े लोगों पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच करने और दो महीने के भीतर रिपोर्ट सौंपने को कहा गया था। जस्टिस एमएम सुंदरेश और पीबी वराले की बेंच ने केंद्र, सीबीआई, ईडी और अन्य को नोटिस जारी किया। बेंच ने कहा कि हम एफआईआर पर रोक नहीं लगा

आरोपों की स्वतंत्र जांच हो: याचिकाकर्ता

याचिकाकर्ता ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से आम आदमी पार्टी (आप) सरकार को सूचना भेजे जाने के बावजूद अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। यह तर्क दिया गया कि इन आरोपों की स्वतंत्र जांच होनी चाहिए, क्योंकि इनसे राज्य सरकार के कामकाज पर गंभीर सवाल उठते हैं। हाई कोर्ट ने पंजाब पुलिस और सरकार को यह भी निर्देश दिया कि इस मामले से जुड़े सभी दस्तावेज सीबीआई को सौंप दिए जाएं।

हाई कोर्ट के फैसले को कई आधारों पर चुनौती देते हुए पंजाब सरकार ने कहा कि फैसले में कई कमियां हैं। सरकार का कहना है कि कोर्ट ने 'प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट' (पीएमएलए) की धारा 66(2) के तहत दी गई जानकारी को एक ऐसे निर्देश के तौर पर लिया जिससे केस दर्ज करना अनिवार्य हो जाता है, जो कि विजय मदनलाल चौधरी मामले में सुप्रीम कोर्ट के 2022 के फैसले के खिलाफ है।

धार्मिक भावनाओं को ठेस नहीं पहुंचाएंगे: सुको

सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि दिल्ली-एनसीआर में पटाखों से होने वाले वायु प्रदूषण से निपटने के लिए प्रतिबंध लगाने के बजाय जन जागरूकता और स्वैच्छिक भागीदारी का अधिक असर होगा। शीर्ष न्यायालय ने कहा कि प्रतिबंधात्मक आदेशों को लागू करना जमीनी स्तर पर मुश्किल हो सकता है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और वी मोहना की पीठ ने दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण से जुड़े स्वतः संज्ञान मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि न्यायालय धार्मिक भावनाओं को ठेस नहीं पहुंचाएगा। पीठ ने पटाखों के हानिकारक प्रभावों को कम करने के लिए संतुलित और व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता बताई।

भर्ती प्रक्रिया में नहीं होगा कोई दखल

11,000 पुलिसकर्मियों को पहले चरण में सुवेंदु ने नियुक्ति पत्र सौंपे

अमन लेखनी समाचार/नई दिल्ली,

पश्चिम बंगाल के सीएम सुवेंदु अधिकारी ने भाजपा सरकार के तहत पुलिस में भर्ती अभियान के पहले बड़े चरण में 11 हजार अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपे। उन्होंने कहा कि राज्य में सत्ता परिवर्तन के कारण यह संभव हो सका। सीएम ने दावा किया कि अगले दो साल में पश्चिम बंगाल पुलिसकर्मियों की संख्या के मामले में उत्तर प्रदेश से आगे निकल जाएगा। सुवेंदु ने यहां नेताजी इंडोर स्टेडियम में नियुक्ति पत्र सौंपने के बाद कहा कि अगर सरकार नहीं

बदली होती, तो यह भर्ती नहीं हो पाती। राज्य पुलिस बल में भर्ती प्रक्रिया लंबे समय से रुकी हुई थी। मई में राज्य में भाजपा के सत्ता में आने के बाद सरकार ने पुलिस भर्ती प्रक्रिया को मंजूरी दी। उन्होंने पुलिसकर्मियों से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते समय भ्रष्टाचार से दूर रहने और ईमानदारी बनाए रखने का आग्रह किया।

नशा-मुक्त भारत बनाने के सामूहिक संकल्प को सशक्त किया

1,469 जगहों पर नेबरहुड यूथ पार्लियामेंट और युवा मेले आयोजित

अमन लेखनी समाचार/नई दिल्ली,

मेरा युवा भारत ने 'नशामुक्त युवा, विकसित भारत अभियान' के तहत साझेदार संगठनों के सहयोग से 10 अक्टूबर, 2026 को नेबरहुड यूथ पार्लियामेंट और युवा मेलों का आयोजन किया।

यह आयोजन 100 सप्ताह के अभियान का हिस्सा था, जिसमें देशभर के 34 राज्यों की 1,469 जगहें शामिल रहीं। इस व्यापक पहल में 3.65 लाख से अधिक युवाओं और नागरिकों ने भाग लिया, जिससे नशा-मुक्त भारत बनाने के सामूहिक संकल्प को और अधिक सशक्त किया गया।

खास बातें
- नशामुक्त युवा, विकसित भारत अभियान की पहल
- 3.65 लाख युवाओं और नागरिकों ने भाग लिया

कई आध्यात्मिक संगठन भी हुए शामिल

नेबरहुड यूथ पार्लियामेंट का आयोजन

हार्टफुलनेस, प्रोजेक्ट पॉइंट, सीआईआईयू, एसोचैम, फिक्की और ब्रह्माकुमारीज जैसे आध्यात्मिक संगठनों, विश्वविद्यालय संघों और उद्योग संघों के सहयोग से युवा मेलों का आयोजन किया गया। इस पहल ने अभियान की पहुंच और प्रभाव को और अधिक व्यापक बनाने में मदद की। कार्यक्रमों में युवाओं द्वारा संचालित कई गतिविधियां शामिल थीं, जिनमें नशा मुक्त युवा शपथ, नारा लेखन प्रतियोगिताएं, हस्ताक्षर अभियान, वाद-विवाद, नुक्कड़ नाटक आयोजित किए गए।

100 सप्ताह चला अभियान

100 सप्ताह के इस अभियान का उद्देश्य मादक द्रव्यों के दुरुपयोग से निपटने के लिए, देशभर में सामूहिक प्रयासों को बढ़ावा देना, सामुदायिक भागीदारी को प्रोत्साहित करना है। नेबरहुड यूथ पार्लियामेंट और युवा मेलों के माध्यम से 'मेरा युवा भारत' लगातार युवाओं को समाज में बदलाव लाने की जिम्मेदारी उठा रहा है।

नशा नहीं करने के लिए किया जागरूक

इस पहल का उद्देश्य जमीनी स्तर पर युवाओं की भागीदारी को मजबूत करना, मादक पदार्थों के सेवन के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाना और युवाओं को मादक पदार्थों के दुरुपयोग की रोकथाम में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित करना था। ब्लॉक स्तर पर आयोजित नेबरहुड यूथ पार्लियामेंट में मादक पदार्थों के दुरुपयोग से जुड़ी चुनौतियों, जागरूकता को कार्रवाई में बदलने की रणनीतियों और बदलाव की प्रेरक कहानियों पर चर्चा की गई।

संक्षेप

बंथरा में महिला से मारपीट, आरोपी के खिलाफ FIR

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र में रविवार शाम एक महिला के साथ गाली-गलौज कर शटरिंग के डंडे से मारपीट करने का मामला सामने आया है। इस मामले में बंथरा के रामचौरा स्थित लाला खेड़ा निवासी महिला अलका गौतम ने गाँव के ही कमलेश रावत के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। अलका पत्नी कमलेश गौतम के मुताबिक 11 अक्टूबर को वह अपने भाई को विंध्याचल जाने के लिए छोड़कर पैदल घर लौट रही थीं। आरोप है कि तभी शाम करीब पांच बजे कमलेश रावत नशे की हालत में उन्हें गालियां देने लगा। उसने विरोध किया तो आरोपी ने पास में पड़े शटरिंग के डंडे से अलका पर हमला कर दिया। इससे उनके सिर में चोटें आईं। पीड़िता का कहना है कि उसके छोटे भाई रोहित ने घटना देखी। आरोप है कि हमले के बाद आरोपी ने जान से मारने की धमकी भी दी। फिलहाल पीड़ित महिला की तहरीर पर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

बुंदेलखंड से पश्चिमी यूपी तक सिंचाई व पेयजल सुविधाओं का होगा विस्तार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में सिंचाई और पेयजल सुविधाओं के विस्तार के लिए विभिन्न जल परियोजनाओं पर काम किया जा रहा है। केन-बेतवा लिंक नहर परियोजना, मध्य गंगा स्टेज-2, कनहर सिंचाई परियोजना और नहरों के पुनरुद्धार से प्रदेश में जल संसाधनों के बेहतर उपयोग की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। इन परियोजनाओं के पूरा होने से लाखों किसानों को सिंचाई सुविधा मिलने के साथ बड़ी आबादी की पेयजल संबंधी जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलेगी। जल शक्ति विभाग, उत्तर प्रदेश के अनुसार, केन-बेतवा लिंक नहर परियोजना के तहत झांसी, बांदा, महोबा और ललितपुर जिलों में 2.51 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा विकसित की जाएगी। इससे करीब 3 लाख किसानों को लाभ मिलेगा, जबकि 21 लाख लोगों को पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी।

यूपीआई पर एमडीआर शुल्क के विरोध में सपा व्यापार सभा का हल्ला बोल

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर के हाइडिल, स्कूटर इंडिया रोड स्थित मार्केट में सोमवार को समाजवादी व्यापार सभा के जिला संगठन ने यूपीआई भुगतान पर प्रस्तावित 0.04 प्रतिशत एमडीआर (मर्चेंट डिस्काउंट रेट) शुल्क के विरोध में पैदल मार्च निकालकर प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष संजय यादव के नेतृत्व में व्यापारियों और संगठन के पदाधिकारियों ने हाथों में बैनर व विरोध संबंधी तख्तियां लेकर थाली-चम्मच बजाए और केंद्र सरकार से प्रस्तावित शुल्क पर पुनर्विचार करने की मांग की। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की मंशा और समाजवादी व्यापार सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनीष जगन अग्रवाल की सहमति से प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल के निर्देश पर यह प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा 15 अक्टूबर 2026 से यूपीआई भुगतान पर प्रस्तावित शुल्क लागू किए जाने के विरोध में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। वहीं इस दौरान सपाइयों ने कहा कि यूपीआई के माध्यम से डिजिटल भुगतान आज छोटे दुकानदारों, खुदरा व्यापारियों और आम कारोबारियों के लिए महत्वपूर्ण साधन बन चुका है। ऐसे में भुगतान पर अतिरिक्त शुल्क लगाने से व्यापारियों पर आर्थिक बोझ बढ़ने की आशंका है। इससे डिजिटल भुगतान व्यवस्था भी प्रभावित हो सकती है। सपा व्यापार सभा के नेताओं ने कहा कि डिजिटल भुगतान प्रणाली को सरल, सुलभ और किफायती बनाए रखना जरूरी है। व्यापारियों के हितों से जुड़े निर्णय लेने से पहले व्यापारिक संगठनों और संबंधित पक्षों से संवाद किया जाना चाहिए। उन्होंने केंद्र सरकार से प्रस्तावित एमडीआर शुल्क पर पुनर्विचार करने की मांग उठाई। इस प्रदर्शन में जिला महासचिव रवि वर्मा स्वर्णकार, जिला सचिव मनोज यादव, राष्ट्रीय सचिव सतीश गुप्ता, प्रदेश सचिव शुभम राय व सहदेव शर्मा, सरोजनीनगर विधानसभा अध्यक्ष नितिन धानुक, बाजार अध्यक्ष अजय नागर, जिला उपाध्यक्ष नुरुल हुदा, बिपिन यादव, आशीष गुप्ता, संदीप यादव, जैद खान और पार्षद प्रतिनिधि सुनील रावत सहित कई व्यापारी व पदाधिकारी मौजूद रहे।

कानपुर रोड पर चलती लोडर बनी आग का गोला, शॉर्ट सर्किट से हादसा

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर में सोमवार शाम कानपुर रोड पर अमौसी एयरपोर्ट तिराहे से करीब 100 मीटर पहले चलते छोटा हाथी लोडर में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते वाहन के अगले हिस्से और केबिन से धुआं निकलने लगा और आग की लपटें उठने लगीं। इस दौरान चालक ने किसी तरह वाहन से उतरकर अपनी जान बचाई। सूचना पर पहुंची दमकल की दो गाड़ियों के मौके पर पहुंचने से पहले ही स्थानीय लोगों ने समरसेबल की मदद से आग पर काबू पा लिया। हादसे में लोडर का अगला हिस्सा जलने से काफी नुकसान हुआ। हरदोई के बहौली निवासी मोहम्मद ताहिर के मुताबिक उन्होंने उन्नाव निवासी छोटे लाल से एक लाख 30 हजार रुपये में छोटा हाथी लोडर (यूपी 32 जेएन 9963) खरीदा था। सोमवार को वह वाहन लेकर अपने घर जा रहे थे। शाम करीब 7:30 बजे अमौसी एयरपोर्ट तिराहे से पहले अचानक लोडर के अगले हिस्से से धुआं निकलने लगा। मोहम्मद ताहिर ने वाहन सड़क किनारे लगाने का प्रयास किया, लेकिन लोडर बीच सड़क पर ही बंद हो गया। इसके बाद ताहिर नीचे उतरकर आग बुझाने का इंतजाम करने लगे, लेकिन तब तक वाहन के अगले हिस्से में आग की लपटें उठने लगीं। इसके बाद आनन फानन फायर कंट्रोल रूम को सूचना दी गई। सूचना पाकर सरोजनीनगर फायर स्टेशन से दो दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। लेकिन इससे पहले पास में रहने वाले बसपा नेता जलीश खान के घर में लगे समरसेबल से आग बुझा दी गई। बाद में दमकलकर्मियों ने भी पानी की बौछार कर आग पूरी तरह बुझाई। वहीं आग लगने का संभावित कारण विद्युत शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। इस हादसे के चलते कानपुर रोड की कानपुर से लखनऊ आने वाली पटरी पर कुछ देर तक जाम लगा रहा। ताहिर ने बताया कि मंगलवार को वाहन का आरटीओ कार्यालय में ट्रांसफर होना था।

पार्षद ने नारायणपुरी में लाखों की सड़क का किया शिलान्यास

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर द्वितीय वार्ड-18 के अंतर्गत नारायणपुरी कॉलोनी में सोमवार को पार्षद निधि से सड़क और नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। पार्षद रामनरेश रावत एडवोकेट ने अनिल दुबे के घर से सचिन मिश्रा के घर तक और सोनू कश्यप वाली गली में निर्माण कार्य की शुरूआत कराई। करीब 70 मीटर लंबी और पांच मीटर चौड़ी इंटरलॉकिंग सड़क व नाली का निर्माण 8.50 लाख रुपये की लागत से कराया जाएगा। महापौर सुषमा खर्कवाल और विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह के सहयोग एवं आशीर्वाद से आयोजित कार्यक्रम में विधि-विधान से पूजा-अर्चना और दीप प्रज्ज्वलन किया गया। इसके बाद मंडल अध्यक्ष केके श्रीवास्तव और उमाशंकर वर्मा ने नारियल फोड़कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस मौके पर भाजपा कार्यकताओं के साथ कॉलोनी के निवासी और गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस दौरान पार्षद रामनरेश रावत ने बताया कि नारायणपुरी कॉलोनी की सड़क काफी समय से खराब थी। नाली की समुचित व्यवस्था न होने के कारण घरों का पानी सड़क पर भर जाता था। इससे स्थानीय लोगों, बच्चों और बुजुर्गों को आने-जाने में काफी परेशानी होती थी। सड़क और नाली का निर्माण पूरा होने के बाद जलभराव की समस्या से राहत मिलने के साथ ही लोगों का आवागमन सुगम हो सकेगा।

पार्षद ने सांसद एवं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, कैबिनेट मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह, प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष डॉ. नीरज सिंह, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, शिव शंकर सिंह और नगर आयुक्त गौरव कुमार के प्रति आभार जताया। इस कार्यक्रम में रामकुमार गौतम, धर्मेंद्र, सुमित कुमार, प्रदीप सिंह, दिलीप साहा, तौहीद, राजू सिंह, गोपाल, महेंद्र, प्रिंस, समरपाल सिंह, कुलदीप, अनिल दुबे और फूलचंद गौतम सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

जनता की पीड़ा का निवारण और हर पात्र व्यक्ति को न्याय दिलाना सरकार का संकल्पः केशव प्रसाद मौर्य

जनता दर्शन में उप मुख्यमंत्री ने सुनीं नागरिकों की समस्याएं, अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान, पीड़ितों को न्याय दिलाना और पात्र लाभार्थियों तक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सरकार जनसेवा के संकल्प के साथ प्रत्येक नागरिक की समस्याओं के समाधान के लिए संवेदनशीलता और जवाबदेही से कार्य कर रही है।

सोमवार को लखनऊ स्थित अपने कैंप कार्यालय, 7-कालिदास मार्ग पर आयोजित जनता दर्शन में उप मुख्यमंत्री ने प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए लोगों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का समयबद्ध, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान भूमि विवाद, अवैध कब्जे, चिकित्सा सहायता, पेंशन, आवास, सड़क, बिजली, पेयजल, पुलिस एवं प्रशासन से संबंधित विभिन्न प्रकरण सामने आए।

श्री मौर्य ने स्पष्ट कहा कि शिकायतों का निस्तारण केवल कागजी कार्रवाई तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि पीड़ित व्यक्ति को वास्तविक राहत मिलनी चाहिए। किसी भी स्तर पर लापरवाही, उदासीनता या अनावश्यक विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि शिकायतों के निस्तारण में शिथिलता बरतने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जवाबदेही तय की जाएगी।

उप मुख्यमंत्री ने भूमि विवाद और अवैध कब्जों से जुड़े मामलों में राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर जांच कराने तथा निष्पक्ष कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गरीबों, कमजोर वर्गों और जरूरतमंदों का उत्पीड़न करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए, ताकि पीड़ितों को न्याय मिल सके। समस्याओं के समाधान के संबंध में उन्होंने कई जनपदों के उच्चाधिकारियों एवं शासन के अधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता भी की। उन्होंने महिलाओं, दिव्यांगजनों, वरिष्ठ नागरिकों और जरूरतमंदों की शिकायतों के निस्तारण में विशेष संवेदनशीलता बरतने पर जोर दिया। श्री मौर्य ने कहा कि जनता दर्शन सरकार और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का प्रभावी माध्यम है। प्रदेश सरकार का संकल्प है कि कोई भी पात्र व्यक्ति जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे और किसी भी नागरिक को अपनी समस्या के समाधान के लिए अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े।

कोर्ट के आदेश पर एससी-एसटी एक्ट में पांच पर मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। रहीमाबाद के खड़ौहां गांव में खेत में पानी जाने से रोकने को लेकर हुए विवाद में एक युवक की लाठी-डंडों से पिटाई कर दी गई। पीड़ित ने पांच लोगों पर मारपीट, जातिसूचक गालियां देने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। शिकायत के बावजूद कार्रवाई नहीं होने पर पीड़ित ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। अब न्यायालय के आदेश पर रविवार को रहीमाबाद पुलिस ने एससी-एसटी एक्ट समेत गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। मामले की जांच एसीपी मलिहाबाद कर रहे हैं।

खड़ौहां निवासी दिनेश कुमार के मुताबिक, घटना 12 जुलाई 2026 की दोपहर की है। वह अपने खेत में धान की रोपाई की तैयारी कर रहा था। इसी दौरान खेत में पानी जाने को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि गांव के ही कमलेश पाल, अमृत पाल, नरेश पाल, राजेंद्र पाल और रुपेश पाल ने एकजुट होकर उस पर हमला कर दिया। आरोपियों ने लात-घूंसों और लाठी-डंडों से उसकी पिटाई की। हमले में उसकी आंख और नाक के अलावा दाहिने हाथ में चोट आई, जबकि हाथ में फ्रैक्चर हो गया। बाएं पैर में भी चोटें आईं।

पीड़ित का आरोप है कि घटना के बाद आरोपियों ने उसके परिजनों के साथ भी मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित के अनुसार, पुलिस से शिकायत करने के बावजूद सुनवाई नहीं हुई, जिसके बाद उसने न्यायालय में गुहार लगाई। न्यायालय के आदेश पर करीब तीन महीने बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

दसवीं की छात्रा ने घर में फंदा लगाकर दी जान

मां बाजार गई थी, छोटे भाई ने घर के अंदर देखा तो फंदे से लटका मिला शव

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। रहीमाबाद के जौरिया गांव में सोमवार शाम कक्षा 10 की 15 वर्षीय छात्रा ने घर में फंदा लगाकर जान दे दी। घटना के समय उसकी मां सब्जी लेने बाजार गई थी, जबकि छोटा भाई घर के बाहर खेल रहा था। घर लौटने पर भाई ने बहन को फंदे से लटका देखा तो परिजनों को इसकी जानकारी दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की। फिलहाल छात्रा के आत्महत्या करने की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है।

रहीमाबाद के जौरिया गांव निवासी अंबरीश गोस्वामी की बेटी चाहत गोस्वामी जालामऊ गांव स्थित एक निजी स्कूल में पढ़ती थी। सोमवार शाम करीब साढ़े पांच बजे उसकी मां संजू सब्जी खरीदने रहीमाबाद बाजार गई थीं। इस दौरान छोटा भाई विनायक घर के बाहर खेल रहा था। कुछ देर बाद विनायक घर के अंदर पहुंचा तो चाहत को कमरे में पंखे के हुक से दुपट्टे के सहारे लटका देखा। पड़ोसियों की सूचना पर मां घर पहुंचीं और पुलिस को घटना की जानकारी दी।

रहीमाबाद इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिगुणायक ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। छात्रा के पिता अंबरीश गोस्वामी लुधियाना में काम करते हैं। परिवार में तीन बड़ी बेटियों की शादी हो चुकी है। घटना के बाद परिवार का रो रोकर बुराहल है।

मिशन शक्ति की रैली में दिखा नारी सशक्तीकरण का संदेश

महिला पुलिसकर्मियों ने स्कूटी से निकाली रैली, स्थानीय महिलाओं ने बनाई मानव शृंखला

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के प्रति जागरूक करने के लिए सोमवार को पुलिस कमिश्नरेट के दक्षिणी जोन में मिशन शक्ति 6.0 के तहत जागरूकता रैली निकाली गई। सुशांत गोल्फ सिटी में आयोजित रैली को डीसीपी दक्षिणी मो. मुश्ताक ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। 'सशक्त नारी-समृद्ध प्रदेश' की थीम पर निकाली गई रैली में महिला पुलिसकर्मियों ने स्कूटी से हिस्सा लिया। वहीं, स्थानीय महिलाओं ने मानव शृंखला बनाकर पैदल मार्च किया। रैली सुशांत गोल्फ सिटी की बड़ी रोटरी से छोटी रोटरी तक करीब डेढ़ किलोमीटर निकाली गई। इस दौरान महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया गया।

महिला सुरक्षा के लिए जागरूकता जरूरी

ओमेक्स आर-वन से रैली में शामिल हुईं संगीता साहनी ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा और अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए इस तरह के आयोजन जरूरी हैं। पुलिस की ओर से निकाली गई रैली से महिलाओं के साथ ही आम लोगों में भी सुरक्षा और सम्मान के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। उन्होंने लखनऊ में इस तरह की पहल को सराहनीय बताया। मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने, उन्हें अपने अधिकारों के प्रति सजग बनाने और आत्मनिर्भरता के लिए प्रोत्साहित करने पर जोर दिया जा रहा है।

बीबीडीयू में अनुसंधान उत्कृष्टताः वैज्ञानिक अन्वेषण से सामाजिक प्रभाव विषय पर राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय (बीबीडीयू), लखनऊ के अनुसंधान एवं विकास प्रकोष्ठ लखनऊ के सहयोग से दो दिवसीय विश्वविद्यालय परिसर में अनुसंधान उत्कृष्टताः वैज्ञानिक अन्वेषण से सामाजिक प्रभाव तकह विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला का उद्देश्य अनुसंधान क्षमताओं को सुदृढ़ करना तथा वैज्ञानिक समस्याओं की पहचान एवं अनुसंधान की रूपरेखा तैयार करने से लेकर डेटा संग्रह, वैज्ञानिक लेखन, शोध-पत्र प्रकाशन, बौद्धिक संपदा अधिकार , नवाचार और अनुसंधान के परिणामों को सामाजिक लाभ में परिवर्तित करने तक की प्रक्रिया की गहन समझ विकसित करना था। इस कार्यशाला में प्रतिष्ठित शैक्षणिक एवं अनुसंधान संस्थानों के विशेषज्ञों ने प्रतिभाग किया और शिक्षकों तथा शोधार्थियों के साथ अपने ज्ञान एवं अनुभव साझा किए। यह कार्यशाला बीबीडीयू की चांसलर श्रीमती अलका दास गुप्ता, प्रो चांसलर विराज सागर दास एवं वाइस प्रेसिडेंट सुश्री सोनाक्षी दास की प्रेरणा से हुआ।

कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में बीबीडीयू के कुलपति प्रो. एस. के. श्रीवास्तव मुख्य अतिथि के रूप में, प्रो-कुलपति प्रो. एस. सी. शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में तथा डॉ. आर. डी. त्रिपाठी उद्घाटन सत्र के अध्यक्ष के रूप में उपस्थित रहे। इसी संस्था के सचिव डॉ. राणा प्रताप सिंह विशेष अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। बीबीडीयू के अनुसंधान एवं विकास प्रकोष्ठ के प्रमुख डॉ. एस. अहमद अली ने स्वागत संबोधन दिया, जबकि डॉ. अंजलि अवस्थी ने कार्यशाला का समन्वय किया।

कार्यशाला के तकनीकी सत्रों में समकालीन अनुसंधान से जुड़े विविध विषयों पर विशेषज्ञ व्याख्यान दिए गए। इनमें डेटा संग्रह एवं संकलन, साइबर जोखिम का आकलन एवं न्यूनीकरण, संपादक के दृष्टिकोण से प्रभावी शोध-पत्र लेखन, बौद्धिक संपदा अधिकार एवं नवाचार का संरक्षण, अनुसंधान आधारित कृषि समाधान, सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु अनुप्रयुक्त अनुसंधान तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता के युग में अनुसंधान पद्धति एवं अकादमिक सत्यनिष्ठा जैसे महत्वपूर्ण विषय शामिल रहे। प्रतिभागियों के बीच शैक्षणिक संवाद और विचारों के आदान-प्रदान को प्रोत्साहित करने के लिए एक संवादात्मक सत्र भी आयोजित किया गया।

कार्यशाला में वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान, भारतीय प्रबंधन संस्थान लखनऊ , बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, गिरि विकास अध्ययन संस्थान, डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय तथा डॉ. राममनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय सहित विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों के विशेषज्ञों ने सहभागिता की।

कार्यशाला में समकालीन वैज्ञानिक एवं सामाजिक चुनौतियों के समाधान के लिए उत्तरदायित्वपूर्ण, बहुविषयक तथा प्रभावोन्मुख अनुसंधान के महत्व पर बल दिया गया। साथ ही, वैज्ञानिक अन्वेषण और उसके व्यावहारिक अनुप्रयोग के बीच की दूरी को कम करने की आवश्यकता रेखांकित की गई, ताकि अनुसंधान नवाचार, सतत विकास और जनकल्याण में सार्थक योगदान दे सके।

कार्यशाला के दूसरे दिन आयोजित समापन सत्र में गिरि विकास अध्ययन संस्थान, लखनऊ के वरिष्ठ फेलो डॉ. मोहम्मद लतीफ खान विशेष अतिथि तथा यूनेस्को के पूर्व पर्यावरण विशेषज्ञ डॉ. राम बूझ विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सत्र की अध्यक्षता डॉ. राणा प्रताप सिंह ने की। इस अवसर पर प्रतिभागियों ने कार्यशाला से संबंधित अपने अनुभव एवं प्रतिक्रियाएँ साझा कीं। अंत में कार्यशाला की समन्वयक डॉ. अंजलि अवस्थी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। बीबीडीयू का अनुसंधान एवं विकास प्रकोष्ठ विश्वविद्यालय में अनुसंधान पारिस्थितिकी तंत्र को सुदृढ़ करने तथा वैज्ञानिक उत्कृष्टता, नवाचार, अकादमिक सत्यनिष्ठा और सामाजिक सरोकारों से जुड़े अनुसंधान की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

प्रदेश सरकार संवार रही महर्षि भृगु की तपोभूमि

लखनऊ/बलिया। योगी सरकार ने बलिया जनपद की आध्यात्मिक और पौराणिक विरासत को पर्यटन से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। आस्था के प्रमुख केंद्र महर्षि भृगु आश्रम को अब पर्यटन सुविधाओं से सुसज्जित कर भव्य स्वरूप देने की तैयारी है। मुख्यमंत्री पर्यटन स्थलों के विकास योजना के तहत इस परियोजना पर 8.74 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। मान्यता है कि बलिया स्थित इसी तपोस्थली पर सप्तऋषियों में प्रमुख स्थान रखने वाले महर्षि भृगु ने तपस्या की थी और यहीं भृगु संहिता की रचना की।

उल्लेखनीय है कि महर्षि भृगु आश्रम का कायाकल्प मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्राथमिकताओं में शामिल रहा है। मुख्यमंत्री ने बलिया में काशी विश्वनाथ कॉरिडोर की तर्ज पर महर्षि भृगु कॉरिडोर विकसित करने की बात कही है। ऐसे में पर्यटन विकास की दिशा में शुरू हुई यह पहल उस संकल्प को धरातल पर उतारने की ओर बढ़ता कदम मानी जा रही है। प्रदेश सरकार की योजना है कि आस्था और अध्यात्म केंद्रों के साथ पौराणिक एवं ऐतिहासिक विरासत को आधुनिक पर्यटन सुविधाओं से जोड़ा जाए। इससे न केवल श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी, अपितु देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों को भी महर्षि भृगु की तपोभूमि और बलिया की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से रूबरू होने का अवसर मिलेगा। आश्रम विकास के तहत परिसर को आधुनिक सुविधाओं और सांस्कृतिक स्वरूप से संवारा जाएगा। यहां भव्य स्वागत द्वार, दो मंजिला मल्टीपर्पज हॉल, श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए यात्री शेड, आकर्षक वाल आर्ट और म्यूरल आर्ट, आधुनिक साइनेज तथा महर्षि भृगु की गौरवशाली पौराणिक विरासत को जीवंत करने वाला लाइट एंड साउंड शो विकसित किया जाएगा।

संक्षेप

मार्ग दुर्घटना में घायल वृद्ध की इलाज के दौरान मौत

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव।कोतवाली क्षेत्र के गांव सराय पंसरिया निवासी 60 वर्षीय क्षेत्र में रावण का अभिनय करने ज्ञान सिंह पटेल पुत्र बच्चू लाल का दुर्घटना के बाद चल रहे इलाज के दौरान कानपुर हैलेट में रविवार को निधन हो गया।घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। ज्ञान सिंह पटेल 8 अक्टूबर बृहस्पतिवार को उन्नाव की ओर जा रहे थे अचलगंज थाना क्षेत्र के गांव बेथर के पास के छुट्टा गोवंश से टकरा जाने के बाद बाइक से गिर पड़े और सिर में गंभीर चोट आ गई ।परिजन जिला अस्पताल ले गए जहां से उन्हें हैलेट में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान रविवार सुबह उनका निधन हो गया। कानपुर में पीएम होने के बाद शव देर शाम तक घर पहुंचेगा। मृतक के एक पुत्र शशांक व पुत्री पूजा तथा पत्नी राजवती का रो रो कर बुरा हाल है। मृतक के पुत्र का विवाह 19 नवंबर को होना था जिसकी घर में तैयारियां चल रही थी।मृतक ज्ञान सिंह पटेल बर्तन व्यवसाय के साथ-साथ रामलीला के मंचों पर रावण का किरदार निभाते थे। क्षेत्र में रामलीला में अभिनय करने के कारण लंकेश के नाम से चर्चित रहे है। कई संस्थाओं द्वारा उन्हें बेहतर अभिनय के लिए सम्मानित भी किया जा चुका है।निधन की सूचना पर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सुधीर बाजपेई, महानंद शुक्ला, डॉ अवधेश वर्मा, डॉक्टर विनय पटेल, आलोक वर्मा, कमलापति इंटर कॉलेज के प्रबंधक ए सी बाजपेई,कुलदीप अग्निहोत्री ,पुरिखा पंसरिया, कमल सिंह ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि जीवंत अभिनय करने वाले एक अमूल्य व्यक्तित्व का निधन क्षेत्र की अपूर्णीय क्षति बताया है।

पीड़ित ने कोतवाली पुलिस से कार्यवाही की मांग की

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। नगर के एक पटरी दुकानदार ने भाजपा नेता के कार्यकताओं के खिलाफ कार से उसकी बाइक में टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त करने और लात-घूंसों पिटाई कर घायल कर देने तथा जान से मार डालने की धमकी देने का आरोप लगाया है।पीड़ित ने कोतवाली पुलिस से दबंगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही की मांग उठाई है। नगर के मोहल्ला गढ़ी निवासी कुलदीप कुमार गुप्ता द्वारा कोतवाली पुलिस को सौंपी गई तहरीर में कहा गया है कि वह सोमवार को नगर के शांति मोहन फ्लोर मिल के सामने ठेलिया पर फिंगर व मोमोज आदि बिक्री कर रहा था। तभी दोपहर के समय क्षेत्र के ही भाजपा नेता के काफिले की एक गाड़ी ने किनारे खड़ी उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। विरोध करने पर गाड़ी से चार-पांच अज्ञात कार्यकर्ता उतरे और उसकी लात-घूंसों से जमकर पिटाई कर दी। पिटाई से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। दबंगों ने उसे जान से मार डालने की धमकी भी दी। कस्बा चौकी पुलिस ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच कर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

राम लीला महोत्सव में नारद मोह लीला का किया गया मंचन

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। नगर के मोहल्लाचौधराना स्थित ऐतिहासिक रामलीला महोत्सव अंतर्गत भव्य मंच पर रविवार की रात करीब सवा सौ साल पुरानी परंपरा का निर्वहन करते हुए नारद मोह लीला का सजीव मंचन हुआ।मनमोहक लीला के कलाकारों ने प्रथम दिवस ही दर्शकों को भक्ति, हास्य व श्रंगार रस के संगम में डुबो दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम विघ्नहर्ता गणेश जी के पूजन एवं आरती के साथ हुआ। तत्पश्चात पंचेश्वर महादेव मंदिर के सेवादार पं. रवि शंकर दीक्षित महाराज ने दीप प्रज्ज्वलित कर लीला का शुभारंभ किया। तत्पश्चात कानपुर से पधारे कुशल कलाकारों ने अपनी भावपूर्ण प्रस्तुति से मंच को जीवंत कर दिया। कथानक के अनुसार नारद जी घोर तपस्या में लीन होते हैं।जिससे देवराज इंद्र का सिंहासन डोल उठता है। भयभीत इंद्र तपोभंग हेतु अप्सराओं और कामदेव को भेजते हैं।किंतु नारद की अडिग साधना के समक्ष वे सभी परास्त हो जाते हैं। कामदेव स्वयं 'त्राहिमाम-त्राहिमाम' पुकारते हुए नारद से क्षमा याचना करते हैं। बस यहीं से नारद के मन में अहंकार का अंकुर फूट पड़ता है। ₹मैंने काम को जीत लियाः₹ का दंभ लिए वे कैलाशपति भगवान शंकर के पास पहुँचते हैं।शिव उन्हें सचेत करते हैं कि यह वृत्तांत भगवान विष्णु को न सुनाएं। ब्रह्मा जी भी यही परामर्श देते हैं।किंतु अहंकार में अंधे नारद किसी की नहीं सुनते और सीधे क्षीरसागर पहुंचकर विष्णु जी को अपनी विजय गाथा सुना देते हैं।

लीला-धर विष्णु मुस्कुराते हैं और नारद के अहंकार को तोड़ने की लीला रचते हैं।मार्ग में एक वैभवशाली नगर में राजकुमारी के स्वयंवर का आयोजन हो रहा था। उस पर मोहित नारद रूपवान बनने के लिए हरि से उनका ही स्वरूप मांग बैठते हैं। प्रभु उन्हें वानर-स्वरूप प्रदान कर देते हैं। स्वयंवर सभा में वानर मुख देख नारद उपहास के पात्र बनते हैं और जब वास्तविकता का भान होता है तो क्रोधाग्नि में जलते हुए नारद विष्णु को ही श्राप दे बैठते हैं - ₹जिस प्रकार आपने मुझे सभा में लज्जित किया, वैसे ही आप भी एक दिन पत्नी वियोग में तड़पेंगे और यही वानर आपकी सहायता करेंगे।

इसी मार्मिक प्रसंग के साथ प्रथम दिवस की लीला का समापन हुआ। अंत में आयोजन समिति के अध्यक्ष आशीष सिंह 'गोलू' ने आरती उतारने के बाद श्रद्धालु श्रोता भक्तों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

राजा राव राम बक्श सिंह की 224 वीं जयंती पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। ब्लॉक अंतर्गत ऐतिहासिक डौंडिया खेड़ा में 1857 की क्रांति के महानायक, अमर शहीद राजा राव राम बक्श सिंह की 224वीं जयंती के अवसर पर बैशवारा कल्याण समिति' के तत्वावधान में यशगान एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में पहुँचे मुख्य अतिथि सांसद साक्षी महाराज ने बैसवारा की वीर भूमि को नमन करते हुए कहा देश को आजादी इन क्रांतिकारीयो के अदम्य साहस व पराक्रम से मिली है। राजा राव राम बक्स ने केवल बैसवारा ही नही अपितु पूरे देश मे स्वत्रंत्रता की लड़ाई लड़ने वालों में स्थान बनाया है। इस मौके पर सांसद ने तनगापुर से डौंडिया खेड़ा तक नई सड़क और राजा साहब की स्मृति में बने भव्य प्रवेश द्वार का लोकापर्ण किया गया। विशिष्ट अतिथि पुष्पेंद्र प्रताप सिंह ने राजा राव राम बक्स की वीरता व साहस के साथ प्रेरणास्रोत बताया । नवरात्रि पर्व के विशेष अवसर पर मुख्य अतिथियों ने प्रसिद्ध माता चंद्रिका धाम, बक्सर में विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर देश और प्रदेश की खुशहाली व समृद्धि की कामना की। इस मौके पर समिति एवं संगठन के पदाधिकारियो में मुन्ना सिंह अवधूत, हरिओम सिंह, कमल सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी, सांसद प्रतिनिधि अमितेश सिंह नंदू, पवन पासवान, विष्णुमोहन सिंह, राहुल सिंह, रामजी यादव, रीमा सिंह, प्रिया सिंह, अनामिका देवी, सरोज, सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

मिशन शक्ति फेज-6 के तहत निकला जागरूकता पैदल मार्च

अमन लेखनी समाचार

मौरावा , उन्नाव। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उन्नाव के कुशल निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी एवं क्षेत्राधिकारी पुरवा के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक मौरावां कुंवर बहादुर सिंह के नेतृत्व में संचालित मिशन शक्ति फेज-6 के अंतर्गत आज थाना मौरावां पुलिस व मिशन शक्ति टीम द्वारा कस्बा मौरावां में भव्य जागरूकता पैदल मार्च किया गया। इंस्पेक्टर कुमार बहादुर सिंह व उनकी टीम द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान मिशन शक्ति प्रभारी एवं टीम द्वारा उपस्थित महिलाओं एवं बालिकाओं की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उन्हें महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही

महिलाओं को आपातकालीन एवं सहायता सेवाओं से संबंधित हेल्पलाइन नंबर 112, 1090, 181, 1098 एवं 1930 की जानकारी देकर आवश्यकता पड़ने पर निर्भीक होकर उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया।

गांव में मां बारोंगन देवी की मूर्ति स्थापित, 20 अक्टूबर को होगा विसर्जन

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। नवरात्र के पावन पर्व पर आसीवन में मां दुर्गा की भक्ति और श्रद्धा का माहौल बना हुआ है। लाल कुआं की तरफ पश्चिम स्थित मां बारोंगन देवी मंदिर परिसर में नवरात्र के प्रथम दिन 11 अक्टूबर को मां बारोंगन देवी की मूर्ति स्थापित की गई। नवरात्र के दूसरे दिन श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से माता रानी की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मां बारोंगन देवी नवयुवक सेवा समिति की ओर से दुर्गा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। नौ दिनों तक माता रानी की पूजा-अर्चना, आरती और धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। समिति की ओर से प्रतिदिन सुबह एवं सायंकाल आठ बजे पूजन और आरती की व्यवस्था की गई है। मंदिर परिसर में माता के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला जारी है।मां बारोंगन देवी नवयुवक सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित दुर्गा महोत्सव में हिंदूवादी नेता सौरभ तिवारी जी सहित समिति के पदाधिकारी और सदस्य आयोजन की व्यवस्थाओं में जुटे हुए हैं।आयोजन से जुड़े प्रमुख लोगों में अजय शर्मा, पवन सिंह, जय सिंह, अभिषेक शर्मा, अमरपाल वर्मा, सागर गुप्ता, जसवंत सिंह, करन सिंह, शिवमंगल सिंह, नन्हके सिंह, गंगाराम सविता, अवधेश शर्मा, झब्बू सिंह, रामसिंह, डॉ. रामशंकर सिंह, शिवकुमार वर्मा, कृष्णा शर्मा, बब्लू सिंह, सनी शर्मा, अभिषेक वर्मा, आनंद वर्मा, कार्तिक सिंह, रौनक शर्मा, संतलाल वर्मा, गजरूप वर्मा, विजय सिंह, कैलाश सिंह, दयाराम सिंह, रामकिशन सिंह, अंकित सिंह, बाने सिंह, रामसरूप राठौर, कौशल सिंह, कामता सिंह, रामपाल वर्मा, चंदन सैनी, गोपाल राठौर, प्रभात सैनी, वैभव सैनी एवं महाबली वर्मा सहित अन्य लोग शामिल हैं।दुर्गा महोत्सव के समापन पर 20 अक्टूबर को सुबह 10 बजे माता रानी की मूर्ति का विसर्जन किया जाएगा। इस अवसर पर कन्या भोज, भंडारे और शोभायात्रा का आयोजन भी होगा। समिति के सदस्यों ने क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में शामिल होकर माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त किया।

ऐतिहासिक विजयदशमी रामलीला मेले में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। मौरावां में विजयादशमी (दशहरा) के शुभ अवसर से शुरू होने वाले प्रसिद्ध रामलीला मेले की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं।इस वर्ष मेले को भव्य और पूरी तरह सुरक्षित बनाने के लिए रामलीला समिति की ओर से सुरक्षा के विशेष और पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। मेले में आने वाली हजारों की भीड़ की सुरक्षा और सहूलियत को ध्यान में रखते हुए पूरे परिसर में 25 सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं, जिनके माध्यम से तीसरी आंख से पल-पल की गतिविधि पर पैनी नजर रखी जाएगी। ??रामलीला समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि विजयादशमी मेले में आसपास के दर्जनों गांवों से भारी संख्या में जनसैलाब उमड़ता है। भीड़भाड़ का फायदा उठाकर कोई अराजक तत्व या असामाजिक गतिविधियां मेले का माहौल न बिगाड़ सकें, इसके लिए पूरे परिसर को कैमरों के जाल से कवर किया गया है। सभी कैमरों का लाइव फीड एक केंद्रीय कंट्रोल रूम से जोड़ा जाएगा, जहां समिति के सदस्य और सुरक्षाकर्मी 24 घंटे हर हलचल पर नजर रखेंगे।स्थानीय पुलिस प्रशासन के समन्वय के साथ संदिग्ध गतिविधियों पर तुरंत कार्रवाई की व्यवस्था की गई है। मेले में आने वाले बच्चों व बुजुर्गों की सुविधा के लिए विशेष खोया-पाया केंद्र और पर्याप्त रोशनी का भी प्रबंध किया गया है।

पुलिस महानिरीक्षक ने मिशन शक्ति अभियान फेज-6.0 के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण एवं जनजागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने तथा दुगार्पूजा एवं शारदीय नवरात्र पर्व के दृष्टिगत किरण एस., पुलिस महानिरीक्षक, लखनऊ परिक्षेत्र, लखनऊ द्वारा जनपद का भ्रमण किया गया।इस दौरान सर्वप्रथम रिजर्व पुलिस लाइन, में सलामी गार्द से सलामी ग्रहण की गई। तत्पश्चात घनश्याम मीणा, जिलाधिकारी एवं जय प्रकाश सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के साथ मिशन शक्ति अभियान फेज-6.0 के अंतर्गत आयोजित महिला सशक्तिकरण एवं जनजागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।कार्यक्रम के दौरान सुशील कुमार, अपर जिलाधिकारी आयुष श्रीवास्तव, पुलिस अधीक्षक उत्तरी,शैलेन्द्र लाल, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी सहित जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी एवं अन्य पुलिस अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। उक्त जागरूकता रैली में जनपद के विभिन्न मिशन शक्ति केंद्रों की शक्ति वाहिनी स्कूटी एवं पीआरवी वाहनों द्वारा प्रतिभाग किया गया। रैली रिजर्व पुलिस लाइन से प्रारंभ होकर तिकोनिया पार्क, बड़ा चौराहा, आईबीपी तिराहा, हरदोई पुल एवं प्रकाश गेस्ट हाउस होते हुए पुनः रिजर्व पुलिस लाइन में समाप्त हुई। रैली के दौरान महिला आरक्षियों द्वारा नारी सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन एवं महिला सशक्तिकरण से संबंधित संदेशों तथा विभिन्न जागरूकता संबंधी जानकारियों से युक्त तख्तियों/पोस्टर्स एवं पम्पलेट के माध्यम से आमजन को जागरूक किया गया।मिशन शक्ति अभियान फेज-6.0 का उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं को उनकी सुरक्षा, अधिकारों तथा शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना, उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रोत्साहित करना तथा समाज में महिला सुरक्षा एवं सम्मान के प्रति सकारात्मक वातावरण तैयार करना है। अभियान के माध्यम से महिलाओं एवं बालिकाओं को किसी भी प्रकार की समस्या अथवा असुरक्षा की स्थिति में पुलिस एवं उपलब्ध सहायता सेवाओं से संपर्क करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत, डेयरी संचालक के बेटे की मौत, दूसरा गंभीर

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के माढापुर मार्ग पर कल्याणी नदी के सामने सोमवार देर शाम करीब आठ बजे दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में दूध डेयरी संचालक के 32 वर्षीय बेटे की मौत हो गई, जबकि दूसरी बाइक सवार 18 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

जानकारी के अनुसार शुर्तिमान उर्फ चुन्नी (32) पुत्र जगत नारायण, निवासी शिवदुलार पुरवा, मिश्रखेड़ा, थाना बांगरमऊ, दूध लेकर बांगरमऊ स्थित डेयरी पर आ रहे थे। तभी कल्याणी नदी के सामने भिखारीपुर कस्बा निवासी विशाल (18) पुत्र संतोष कुमार की बाइक से आमने-सामने भिड़ंत हो गई। टक्कर में शुर्तिमान की मौत हो गई, विशाल गंभीर घायल है।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक तीन भाइयों में दूसरे नंबर पर था।उसके बड़े भाई कीर्तिमान, छोटे भाई नदीश, बहन गोल्डी, मां माधुरी और पिता जगत नारायण का रो-रोकर बुरा हाल है।

घरेलू विवाद में परिजनो ने लाठी डंडों से पीटा

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र में सोमवार को घरेलू बिवाद को लेकर हुई कहा-सुनी से नाराज भाईयों व भाभियों ने मिलकर लाठी-डंडे से पीट-पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया पीडित की तहरीर पर पुलिस ने मुकद्दमा दर्ज कर घायल युवक को मेडिकल परीक्षण हेतु मियागंज सीएचसी भेज दिया है। थाना क्षेत्र के लोनारी खेड़ा गांव निवासी रमाकांत 25 पुत्र छोटेलाल ने सोमवार को पुलिस को तहरीर देकर बताया कि चार दिन पूर्व मैं अपनी मां श्यामा देवी के लिए दुकान बनवा रहा था इसी बात का भाईयों व भाभियों ने विरोध किया इसी बात पर भाई रामू, रामसेवक, राम शंकर पुत्रगण छोटेलाल व चंदावती पत्नी रामू व पूजा पत्नी राम सेवक ने लाठी-डंडे से रमाकांत को पीट-पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकद्दमा दर्ज कर घायल युवक को मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया इस सम्बंध में थाना प्रभारी प्रदीप सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकद्दमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

पुरानी रंजिश को लेकर खूनी संघर्ष, घर में घुसकर लाठी-डंडों व चाकू से हमला कई घायल

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सिकन्दरपुर में दरवाजे पर बैठे एक व्यक्ति और उसके परिवार पर दबंगों ने लाठी-डंडों, लात-घूंसों और धारदार हथियार (चाकू) से जानलेवा हमला कर दिया। सिकन्दरपुर निवासी दिनेश चन्द्र पुत्र भगवत प्रसाद ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 10 अक्टूबर 2026 की शाम करीब 7 बजे वह अपने घर के दरवाजे पर बैठे थे। इसी दौरान गांव के राजेश और मनोज वहां पहुंचे और प्रार्थी को गंदी-गंदी गालियां देने लगे।गालियां देने का विरोध किया, तो दोनों आरोपियों ने उन्हें लाठी-डंडों से पीटना शुरू कर दिया। शोरगुल सुनकर प्रार्थी के पुत्र शुभम, रोहित और उनकी पत्नी बीच-बचाव करने दौड़े। और ?घर में घुसकर चाकू से हमला कर दिया राजेश व मनोज पुत्रगण रामकुमार, प्रीती व स्वाती पुत्रियां राजेश, बाबू लाल पुत्र लक्ष्मण, पत्नी बाबू लाल, मंजू पत्नी सज्जन, गुड़िया पत्नी राज्जन, तथा मनीष व दीपू पुत्रगण कमलेश ने एक राय होकर योजनाबद्ध तरीके से प्रार्थी पक्ष पर लात-घूंसों और लाठी-डंडों से हमला कर दिया।प्रार्थी के पुत्र शुभम के गले पर गंभीर चोट आई है। जान बचाने के लिए जब प्रार्थी और उसके परिजन भागकर घर के अंदर घुस गए हंगामे और चीख-पुकार को सुनकर मोहल्ले के कई लोग मौके पर इकट्ठा हो गए, जिन्होंने बीच-बचाव कर किसी तरह पीड़ितों की जान बचाई। जाते-जाते आरोपी यह धमकी दे गए कि यदि दोबारा आवाज उठाई तो तुम्हें और तुम्हारे पूरे परिवार को जान से मार देंगे।

पड़ोसी ने घर में घुसकर की मारपीट दर्ज हुआ मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव।थाना बिहार क्षेत्र के अंतर्गत जालापुर डिहवा गाँव में पड़ोसियों द्वारा एक परिवार के घर में घुसकर लाठी-डंडों से मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का मामले में पुलिस ने तीन लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।थाना क्षेत्र के जालापुर डिहवा निवासी अभिषेक पुत्र धनीराम ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि शनिवार रात जब वह अपने परिवार के साथ घर पर थे, तभी पड़ोस में रहने वाले रामसरन राजू और सुरेश उनके घर में घुस आए व चाचा शिवलाल , शिवकुमार और दिनेश कुमार को लाठी-डंडों से पीटा। आरोपियों ने गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी भी दी।थानाप्रभारी राहुल सिंह ने बताया मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर लटकता मिला किशोरी का शव

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव।दही थाना क्षेत्र में ओरहर के मजरे दरोगा खेड़ा गांव में श्याम लाल की 15 वर्षीय काजल ने सोमवार भोर पहर अपने कमरे में साड़ी के फंदे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या की वजह स्पष्ट नहीं हो पाई। परिजनों के मुताबिक रविवार शाम प्रतिदिन की तरह खाना खाकर अपने कमरे में सोने चली गई थी। कोई वाद विवाद नहीं हुआ। सोमवार सुबह परिजन सो कर उठे तो देखा काजल का शव उसके कमरे में साड़ी के फंदे से लटक रहा है। जिसे परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फांसी के फंदे से उतर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। काजल आठ भाई बहनों में पांचवें नंबर पर थी। पढ़ाई कक्षा 8 के बाद छोड़ दी थी। इस दौरान घर पर ही रहती थी। घटना से आहत परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। चौकी इंचार्ज असलम ने बताया कि आत्म हत्या की वजह स्पष्ट नहीं हो पाई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

निर्माण कार्य से परेशान महिला ने एसडीएम को दिया पत्र

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। बिना किसी कानूनी औपचारिकता पूर्ण किए ही विपक्षी द्वारा निर्माण कार्य शुरू करने से परेशान होकर एक महिला ने एस डी एम को पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई जिसपर उपजिलाधिकारी ने नायब तहसीलदार को कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया। बांगरमऊ क्षेत्र के गांव नेवल निवासी ऊषा कटियार पत्नी पुष्कर ने उपजिलाधिकारी को पत्र देकर कहा है कि उसकी एक भूमि पर विपक्षी द्वारा बिना किसी कानूनी औपचारिकता पूर्ण किए ही निर्माण कार्य शुरू करा दिया गया पीड़िता ने कहा है कि विपक्षी द्वारा निर्माण कार्य शुरू कराने से कई सहखातेदारों के सामने भी मुसीबत उत्पन्न हो रही है जिससे निर्माण कार्य रोके जाने की मांग की गई। पीड़ित की तहरीर उपजिलाधिकारी ने नायब तहसीलदार को कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया। नायब तहसीलदार वैभव अग्रवाल ने बताया है शिकायती पत्र पर कार्य रोक दिया गया है मामले की जांच कर अन्य विधिक कार्यवाही की जाएगी

सड़क हादसे में युवक की मौत, जंगली जानवर से टकराई बाइक

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। पुरवा कोतवाली क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में 25 साल के युवक दिनेश कुमार की जान चली गई। हादसे के बाद उसका शव रातभर खेत में पड़ा रहा।मृतक के पिता बाबादीन प्रजापति के अनुसार दिनेश बीती रात महरामऊ गांव गया था। वहां से वापस लौटते समय महरामऊ-अंगनुआखेड़ा मार्ग पर अचानक किसी जंगली जानवर से उसकी बाइक टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वह बाइक समेत सड़क किनारे खंती में जा गिरा। रात भर वहीं पड़े रहने के कारण मौके पर ही उसकी मौत हो गई। दिनेश चार भाइयों में सबसे छोटा था।घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

सम्पादकीय

नेताओं की महत्वाकांक्षा में पिस रहा आम आदमी

राजधानी दिल्ली में पिछले एक सप्ताह से राजनीतिक दलों की खींचतान का खामियाजा आम आदमी भुगत रहा है। पहले कांग्रेस और इंडिया ब्लॉक के प्रदर्शन, फिर कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) और वामपंथी संगठनों के विरोध ने दिल्ली की रफ्तार पर ब्रेक लगा दिया। मेट्रो स्टेशन बंद हुए, रेल यात्रियों की मुश्किलें बढ़ीं और इंटरनेट सेवाओं पर भी असर पड़ा। नौकरीपेशा लोग समय पर दफ्तर नहीं पहुंच पाए, विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हुई और रोज कमाकर खाने वालों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हुआ। नेताओं की महत्वाकांक्षाओं और राजनीतिक वर्चस्व की लड़ाई में आम आदमी एक बार फिर पिसने को मजबूर है। सवाल सीधा है कि अपनी ताकत दिखाने की इस राजनीति में जनता को सजा क्यों मिले? लोकतंत्र में विरोध का अधिकार है, लेकिन जनता को परेशान करने का लाइसेंस नहीं। निर्वाचन आयोग के फैसलों पर सवाल उठाना हो, मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग करनी हो या सरकार की नीतियों का विरोध करना हो, राजनीतिक दलों को अपनी बात रखने की पूरी स्वतंत्रता है। मगर विरोध का ऐसा तरीका, जो लाखों लोगों की दिनचर्या बिगाड़ दे, उसे किसी सूरत में सही नहीं ठहराया जा सकता। नेता धरने पर बैठकर अपनी मांगों के लिए लड़ते हैं, लेकिन इसकी कीमत उस कर्मचारी को चुकानी पड़ती है, जिसको एक दिन की अनुपस्थिति वेतन कटवा सकती है। परीक्षा देने जा रहे विद्यार्थी, अस्पताल पहुंचने की कोशिश करता मरीज और रोज की कमाई पर निर्भर मजदूर किसी राजनीतिक दल के विरोधी नहीं हैं। फिर उन्हें इस लड़ाई में घसीटने का हक किसने दिया? 10 अक्टूबर को सीजेपी और वामपंथी संगठनों के प्रदर्शन के दौरान हालात की गंभीरता सामने आई। खबरों के अनुसार, सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर दिल्ली में 45 मेट्रो स्टेशन बंद किए गए और सात हजार से अधिक प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया गया। रविवार को सुप्रीम कोर्ट की विशेष पीठ ने मेट्रो सेवाएं सामान्य रखने, इंटरनेट बाधित नहीं करने और लोगों की आवाजाही नहीं रोकने पर जोर दिया। संबंधित अधिकारियों से जवाब भी मांगा गया। हालांकि कानून व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की जिम्मेदारी है, लेकिन प्रतिबंध समस्या के अनुपात में ही होने चाहिए। कुछ स्थानों पर तनाव की आशंका के कारण पूरे शहर की रफ्तार रोक देना उचित नहीं। सुरक्षा व्यवस्था ऐसी होनी चाहिए कि प्रदर्शन भी हो और आम नागरिक का जीवन भी चलता रहे। विडंबना यह है कि हर राजनीतिक दल जनता के नाम पर राजनीति करता है, लेकिन विरोध के दौरान सबसे पहले उसी जनता की सुविधा को ताक पर रख देता है। इस बार तो एक गैर जिम्मेदार दल और कुछ कथित नेता अपनी महत्वाकांक्षा के चलते लोगों को बरगलाकर प्रदर्शन में धकेल रहे हैं। राजनीतिक दलों को प्रदर्शन के लिए ऐसे स्थान और तरीके चुनने चाहिए, जिससे सार्वजनिक परिवहन, अस्पताल, स्कूलों और कामकाजी लोगों की आवाजाही प्रभावित न हो। प्रशासन को भी वैकल्पिक मार्गों और परिवहन की व्यवस्था करनी चाहिए, तथा प्रतिबंधों को अंतिम विकल्प के रूप में अपनाना चाहिए। राजनीति जनसेवा का माध्यम है, जनजीवन को बंधक बनाने का नहीं। नेताओं को समझना होगा कि जनता केवल रैलियों में भीड़ जुटाने या चुनाव में वोट देने के लिए नहीं है। उसकी रोजमर्रा की जरूरतें और अधिकार भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं, जितने राजनीतिक दलों के मुद्दे। लोकतंत्र की सार्थकता शक्ति प्रदर्शन में नहीं, बल्कि नागरिकों के अधिकारों की रक्षा में है।

मुद्दा
महेन्द्र तिवारी

सस्ता डेटा बेहतर या तेज उपग्रह नेटवर्क

अब तक देश में इंटरनेट की पहुंच बढ़ाने का प्रमुख आधार मोबाइल टावर, भूमिगत प्रकाशीय तंतु और दूरसंचार नेटवर्क रहे हैं। उपग्रहों के माध्यम से इंटरनेट उपलब्ध कराने वाली तकनीक ने संभावनाओं के नए द्वार खोल दिए हैं। इस परिवर्तन के केंद्र में एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स की स्टारलिंक सेवा और मुकेश अंबानी की रिलायंस जियो जैसी कंपनियां हैं। इन दोनों के बीच उभरती प्रतिस्पर्धा केवल दो उद्योगपतियों की कारोबारी लड़ाई नहीं है, बल्कि यह भारत में भविष्य की संचार व्यवस्था, बाजार के नियमों और डिजिटल आत्मनिर्भरता से जुड़ा महत्वपूर्ण प्रश्न भी है। एलन मस्क की स्टारलिंक निम्न पृथ्वी कक्षा में स्थापित उपग्रहों के माध्यम से इंटरनेट उपलब्ध कराती है।

भारत में इंटरनेट की दुनिया एक नए दौर में प्रवेश कर रही है। अब तक देश में इंटरनेट की पहुंच बढ़ाने का प्रमुख आधार मोबाइल टावर, भूमिगत प्रकाशीय तंतु और दूरसंचार नेटवर्क रहे हैं। उपग्रहों के माध्यम से इंटरनेट उपलब्ध कराने वाली तकनीक ने संभावनाओं के नए द्वार खोल दिए हैं। इस परिवर्तन के केंद्र में एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स की स्टारलिंक सेवा और मुकेश अंबानी की रिलायंस जियो जैसी कंपनियां हैं। इन दोनों के बीच उभरती प्रतिस्पर्धा केवल दो उद्योगपतियों की कारोबारी लड़ाई नहीं है, बल्कि यह भारत में भविष्य की संचार व्यवस्था, बाजार के नियमों और डिजिटल आत्मनिर्भरता से जुड़ा महत्वपूर्ण प्रश्न भी है। एलन मस्क की स्टारलिंक निम्न पृथ्वी कक्षा में स्थापित उपग्रहों के माध्यम से इंटरनेट उपलब्ध कराती है। इसकी विशेषता यह है कि इसके लिए प्रत्येक स्थान तक भूमिगत तार बिछाना या मोबाइल टावर स्थापित करना आवश्यक नहीं होता। उपयोगकर्ता के स्थान पर उपयुक्त उपकरण लगाकर उपग्रहों के माध्यम से इंटरनेट से जुड़ा जा सकता है।

यह व्यवस्था विशेष रूप से उन क्षेत्रों में उपयोगी हो सकती है, जहां पहाड़, घने जंगल, दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियां अथवा बिखरी हुई आबादी के कारण पारंपरिक संचार नेटवर्क पहुंचाना कठिन और खर्चीला होता है। भारत जैसे विशाल देश में इस तकनीक की उपयोगिता को नकारा नहीं जा सकता। हिमालयी क्षेत्रों के गांवों, सीमावर्ती बस्तियों, द्वीपों और दूरस्थ वनवासी क्षेत्रों में इंटरनेट की बेहतर उपलब्धता शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार तथा प्रशासनिक सेवाओं को मजबूत कर सकती है। प्राकृतिक आपदाओं के समय भी उपग्रह आधारित संचार महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। बाढ़, भूकंप अथवा चक्रवात के कारण जब सड़कें क्षतिग्रस्त हो जाएं और जमीन पर आधारित संचार व्यवस्था बाधित हो जाए, तब उपग्रह संपर्क राहत और बचाव कार्यों में सहायक बन सकता है। हालांकि, इसके लिए बिजली, उपयुक्त उपकरण और आवश्यक तकनीकी व्यवस्था भी उपलब्ध होनी चाहिए। स्टारलिंक की भारत में संभावित शुरुआत को लेकर चर्चा लंबे समय से होती रही, जब कंपनी को आवश्यक प्रारंभिक नियामकीय अनुमतियां मिलने के बाद भी व्यावसायिक सेवा शुरू करने की प्रक्रिया पूरी हो सकी। भारत में किसी विदेशी उपग्रह संचार कंपनी के लिए केवल अनुमति प्राप्त कर लेना पर्याप्त नहीं है। उसे सुरक्षा संबंधी शर्तों, तकनीकी मानकों, नियामकीय नियमों और अन्य निर्धारित आवश्यकताओं को पूरा करना पड़ता है। उपग्रहों के माध्यम से उपलब्ध कराई जाने वाली सेवाओं में राष्ट्रीय सुरक्षा और संचार व्यवस्था की निगरानी विशेष रूप से महत्वपूर्ण होती है। इसी पृष्ठभूमि में एलन मस्क और मुकेश अंबानी के बीच विवाद चर्चा का विषय बना। अक्टूबर 2026 में मस्क ने सामाजिक संचार मंच एक्स पर अंबानी के प्रभाव को लेकर व्यंग्यात्मक टिप्पणियां कीं। उन्होंने आरोप लगाया कि भारत में कुछ प्रभावशाली कारोबारी उपग्रह इंटरनेट के क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा को सीमित करना चाहते हैं। उन्होंने अंबानी को निशाना बनाते हुए यह भी पूछा कि क्या वही भारत के वास्तविक निर्णायक हैं। मस्क की टिप्पणियों में यह शिकायत दिखाई देती है कि उनकी कंपनी को भारतीय बाजार में अपनी सेवाएं

शुरू करने के लिए अपेक्षित गति से आगे बढ़ने का अवसर नहीं मिल रहा है। हालांकि, किसी कंपनी को अनुमति मिलने में देरी को सीधे तौर पर दूसरी कंपनी के दबाव या एकाधिकार की कोशिश का प्रमाण नहीं माना जा सकता। इसके लिए ठोस तथ्य आवश्यक हैं।

भारत सरकार का पक्ष है कि उपग्रह संचार सेवा उपलब्ध कराने वाली कंपनियों को निर्धारित नियमों और सुरक्षा संबंधी शर्तों का पालन करना होगा। सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि वह किसी एक कंपनी को विशेष लाभ देने के पक्ष में नहीं है। स्टारलिंक, जियो की उपग्रह संचार सेवा और वनवेब जैसी कंपनियों को संबंधित नियामकीय आवश्यकताएं पूरी करनी होंगी। इस दृष्टि से विवाद को समझने के लिए आरोपों और प्रमाणित तथ्यों के बीच अंतर बनाए रखना जरूरी है। इस क्रम में जोहो के संस्थापक श्रीधर वेम्बु की टिप्पणियां भी उल्लेखनीय हैं। उन्होंने भारत में सस्ते इंटरनेट की उपलब्धता और दूरसंचार क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा के महत्व को रेखांकित किया। उनके अनुसार, भारत में मोबाइल इंटरनेट की कम कीमतों ने आम नागरिकों के जीवन में व्यापक परिवर्तन किया है। कुछ वर्ष पहले तक इंटरनेट का नियमित उपयोग अनेक परिवारों के लिए महंगा था। आज विद्यार्थी ऑनलाइन अध्ययन कर सकते हैं, छोटे व्यापारी अपने ग्राहकों तक पहुंच सकते हैं और ग्रामीण क्षेत्रों के लोग अनेक सरकारी तथा वित्तीय सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं। भारतीय दूरसंचार क्षेत्र में रिलायंस जियो के प्रवेश ने इस परिवर्तन को गति देने में अहम भूमिका निभाई। कम कीमत पर अधिक आंकड़ा उपलब्ध कराने वाली योजनाओं ने दूसरी कंपनियों को भी अपनी सेवाओं और मूल्य निर्धारण की रणनीतियों पर पुनर्विचार करने के लिए प्रेरित किया। इससे इंटरनेट उपयोगकर्ताओं की संख्या बढ़ी और डिजिटल सेवाओं का विस्तार हुआ। फिर भी भारत में सस्ते इंटरनेट की उपलब्धता का पूरा श्रेय किसी एक कंपनी को देना उचित नहीं होगा।

सरकारी डिजिटल पहलों, दूरसंचार क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा, तकनीकी प्रगति और स्मार्ट उपकरणों की बढ़ती उपलब्धता ने भी इसमें योगदान दिया है। अब प्रश्न यह है कि स्टारलिंक जैसी सेवा भारतीय बाजार में किस प्रकार अपनी जगह बनाएगी। उपग्रह इंटरनेट की सबसे बड़ी विशेषता इसकी भौगोलिक पहुंच है, लेकिन इसकी लागत एक बड़ी चुनौती है। पारंपरिक मोबाइल इंटरनेट का उपयोग करने के लिए सामान्यतः अलग से उपग्रह उपकरण लगाने की जरूरत नहीं पड़ती। इसलिए भारत के विशाल उपभोक्ता वर्ग के लिए केवल तकनीकी श्रेष्ठता पर्याप्त नहीं होगी। सेवा की कीमत, विश्वसनीयता और वास्तविक उपयोगिता भी निर्णायक होगी।

इस प्रकार दोनों व्यवस्थाओं को एक-दूसरे का पूर्ण विकल्प मानने के बजाय पूरक के रूप में देखना अधिक व्यावहारिक होगा। मोबाइल नेटवर्क और भूमिगत संचार तंत्र बड़ी आबादी को कम लागत पर जोड़ सकते हैं, जबकि उपग्रह इंटरनेट उन स्थानों तक पहुंच बढ़ा सकता है, जहां अन्य माध्यम सीमित हैं। इस विवाद का सबसे जटिल पक्ष रेडियो तरंगों के उपयोग के लिए आवश्यक स्पेक्ट्रम का आवंटन है। भारत की डिजिटल यात्रा अब केवल इंटरनेट की गति बढ़ाने तक सीमित नहीं है। यह इस बात से भी जुड़ी है कि देश अपनी तकनीकी आवश्यकताओं, आर्थिक हितों और राष्ट्रीय सुरक्षा के बीच कैसा संतुलन स्थापित करता है। स्टारलिंक और जियो के बीच उभरती प्रतिस्पर्धा इस संतुलन की परीक्षा है। सरकार को पारदर्शी नियमों, निष्पक्ष निर्णयों और दीर्घकालिक दृष्टि के साथ आगे बढ़ना होगा। अंततः सफलता किसी उद्योगपति की व्यक्तिगत जीत में नहीं, बल्कि उस व्यवस्था के निर्माण में होगी जो भारत के प्रत्येक नागरिक को डिजिटल अवसरों से जोड़ सके।

पुण्यतिथि विशेष



कृष्ण प्रताप सिंह

डॉ. लोहिया ने छेड़ी 'तीन आना बनाम पंद्रह आना' की बहस

सन् 1967 में 12 अक्टूबर को (यानी आज के ही दिन) पौरुष ग्रंथि के विफल ऑपरेशन से पीड़ित समाजवादी चिंतक डॉ. राममनोहर लोहिया का निधन हुआ तो राष्ट्रकवि रामधारी सिंह 'दिनकर' ने अपने एक भावप्रवण संस्मरण में लिखा था : कोई महीना भर पहले मैंने उन्हें सुझाया कि वे हमेशा 'सप्तक्रांति के स्फुलिंग' ही न बने रहा करें। अपना 'शाश्वत' क्रोध घटायें और अपने समकालीन नेताओं से छोटी-छोटी बातों को लेकर कटुताएं न पैदा किया करें। अन्यथा कहीं ऐसा न हो कि उनके प्रधानमंत्री बनने का अवसर आये तो ये कटुताएं उनके रास्ते की बाधा बन जायें। इस पर उनका उत्तर था, 'दिनकर, तुम समझते हो कि बहुत दिन जीने वाला हूं मैं? मेरी आयु बहुत कम है, इसलिए जब भी जो भी बोलता हूं, उसे बोल लेने दो मुझे।' अब मुझे लगता है कि उन्होंने अपनी मौत को पहले ही देख लिया था। आज की तारीख में कम ही लोग जानते होंगे कि डॉ. लोहिया और 'दिनकर' परस्पर अभिन्न मित्र थे। इस तथ्य के बावजूद कि राजनीति में उनकी सक्रियताएं परस्पर विरोधी थीं। निधन के वक्त लोहिया महज 57 साल के थे और उनका संसदीय जीवन भी लम्बा नहीं रहा था। इसका एक बड़ा कारण उनका चुनावी जीत-हार को बहुत महत्व न देना, 1962 से पहले कोई लोकसभा चुनाव न लड़ना और 1962 में भी फूलपुर जाकर लगभग असम्भव मुकाबले में सीधे तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू से भिड़ जाना था। उनके अनुसार लोकतंत्र में चुनाव अपनी पार्टी की नीतियों को मतदाताओं तक ले जाने के अवसर होते हैं और आते-जाते रहते हैं। इसलिए मतदाताओं द्वारा उनमें सुनाये गये फैसलों को लेकर हाय-तौबा का कोई हासिल नहीं होता। ऐसे किसी हासिल के लिए तो शिकस्त के दिन से ही अगले मुकाबले की तैयारी में लग जाना होता है। उन्होंने लगभग यही बात 1962 के लोकसभा चुनाव में अपनी पार्टी की करारी हार के बाद नैनीताल में उसके कार्यकर्ताओं को निराशा के कर्तव्य समझाते हुए भी कही थी। बाद में इन्हीं कार्यकर्ताओं (जो कह रहे थे कि



तत्कालीन परिस्थितियों में लोहिया का लोकसभा में होना बहुत जरूरी है) की मांग पर वे उत्तर प्रदेश की फर्रुखाबाद लोकसभा सीट का उपचुनाव (जो वहां से निर्वाचित कांग्रेस सांसद मूलचंद दुबे के निधन के कारण हुआ था) लड़े और जीते थे। नये परिसीमन के फलस्वरूप अलग कन्नौज लोकसभा सीट अस्तित्व में आई तो 1967 के लोकसभा चुनाव में वे उस सीट से भी चुनाव लड़े और विजयी हुए थे। थोड़े ही दिनों बाद वे इस दुनिया को अलविदा कह गए। इस तरह वे दो कार्यकालों में कुल मिलाकर मुश्किल से एक कार्यकाल की अवधि के बराबर ही लोकसभा में रहे, लेकिन उसकी कार्यवाहियों और बहसों में अपनी अनूठी हिस्सेदारी से यह सिद्ध कर गये कि छोटी होने के बावजूद उसमें उनकी उपस्थिति महनीय है। लोकसभा में दिये गये उनके अन्य सारे भाषण भुला दिये जायें तो अकेला 'तीन आने बनाम पन्द्रह आने' वाला ऐतिहासिक भाषण ही उन्हें अप्रासंगिक नहीं होने देगा और उनको याद दिलाता रहेगा। उन्होंने यह भाषण आचार्य जेबी कृपलानी द्वारा 22 अगस्त, 1963 को जवाहरलाल नेहरू की सरकार के खिलाफ लाये गये अविश्वास प्रस्ताव के समर्थन में दिया था। यह प्रस्ताव आजादी के बाद किसी भी सरकार के खिलाफ पहला अविश्वास प्रस्ताव था, जिसकी हिमायत में लोहिया ने कहा था कि 27 करोड़ (उस वक्त की देश की जनसंख्या के लगभग 70 प्रतिशत) देशवासी तीन आने (20 नये पैसे) रोज के खर्च पर जीवन निर्वाह को अभिशप्त हैं। सत्ता पक्ष की ओर से इस 'तीन आने' को 'पन्द्रह आने' बताया गया तो लोहिया ने यह कहकर उसे चुप करा दिया कि अगर मेरी बात गलत निकलती है तो मैं इस सदन से निकल जाऊंगा और सत्तापक्ष गलत निकलता है तो प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को अपने पद पर नहीं रहना चाहिए। इसी भाषण में उन्होंने यह भी कहा था कि देश में महिलाएं, हरिजन, आदिवासी, पिछड़े, धार्मिक अल्पसंख्यक और शूद्र पांच बड़े वर्ग हैं, जिनकी आबादी कुल आबादी की नब्बे फीसदी है।

कर्मों से उपार्जित सुख

संकलित
दर्शन

संसार के सारे क्रियाकलाप, मानव-समाज में हो रही गति, यह सब केवल मन का ही खेल है। मनुष्य की इच्छा शक्ति का प्रकाश मात्र है। अनेक प्रकार के यंत्र, युद्धपोत आदि सभी मनुष्य की इच्छा शक्ति के विकास मात्र हैं। मनुष्य की यह इच्छाशक्ति चरित्र से उत्पन्न होती है और वह चरित्र कर्मों से गठित होता है। अतएव कर्म जैसा होगा, इच्छाशक्ति का विकास भी वैसा ही होगा। संसार में प्रबल इच्छा शक्ति संपन्न जितने महापुरुष हुए हैं, वे सभी उत्कृष्ट कर्मी थे। उनकी इच्छाशक्ति ऐसी थी कि वे संसार को भी उलट-पुलट कर सकते थे। यह शक्ति उन्हें युग-युगांतर तक निरंतर कर्म करते रहने से प्राप्त हुई थी। बुद्ध एवं ईसा मसीह में जैसी प्रबल इच्छाशक्ति थी, वह एक जन्म में प्राप्त नहीं की जा सकती और उसे हम आनुवंशिक शक्तिसंचार भी नहीं कह सकते, क्योंकि हमें ज्ञात है कि उनके पिता कौन थे। हम नहीं कह सकते कि उनके पिता के मुंह से मनुष्य जाति की भलाई के लिए शायद कभी एक शब्द भी निकला हो। जोसेफ (ईसा मसीह के पिता) के समान तो असंख्य बढ़ई आज भी हैं, बुद्ध के पिता के सदृश लाखों छोटे-छोटे राजा हो चुके हैं। अतः यदि यह बात केवल आनुवंशिक शक्तिसंचार के कारण हुई हो, तो इसका स्पष्टीकरण कैसे कर सकते हैं कि इस छोटे से राजा को, जिसकी आज्ञा का पालन शायद उसके स्वयं के नौकर भी नहीं करते थे। ऐसा एक सुंदर पुत्र-रत्न लाभ हुआ, जिसकी उपासना लगभग आधा संसार करता है?

जब कोई झूठा आरोप लगे तो धैर्य न छोड़ें



संकलित
प्रेरणा

द्वारका में एक सूर्य भक्त था सत्राजित। उसे सूर्य देव ने स्यमंतक नाम की चमत्कारी मणि दी थी। ये मणि रोज बीस तोला सोना उगलती थी। एक दिन श्रीकृष्ण ने सत्राजित से कहा कि आप ये मणि राजकोष में देंगे तो इससे मिले धन से प्रजा की अच्छी देखभाल हो सकेगी। सत्राजित ने श्रीकृष्ण को मणि देने से मना कर दिया। इस घटना के कुछ दिन बाद सत्राजित के भाई प्रसेनजित ने मणि चुरा ली। प्रसेनजित मणि लेकर जंगल में भाग गया। जंगल में एक शेर ने प्रसेनजित को मार दिया और खा गया। मणि जंगल में ही गिर गई। सत्राजित को जब प्रसेनजित और अपनी मणि नहीं मिली तो उसने श्रीकृष्ण पर आरोप लगा दिया कि कृष्ण ने ही मेरी मणि चुराई है और मेरे भाई की हत्या कर दी है। श्रीकृष्ण पर चोरी और हत्या का कलंक लग गया। श्रीकृष्ण आरोप को गलत साबित करने के लिए जंगल की ओर चल दिए। जंगल में श्रीकृष्ण को शेर के पैरों के निशान दिखे। श्रीकृष्ण समझ गए कि प्रसेनजित को शेर ने मार दिया है और मणि यहीं कहीं गिर गई है। श्रीकृष्ण मणि खोजते हुए एक गुफा में पहुंच गए। गुफा में जामवंत रहते थे। श्रीकृष्ण ने मणि मांगी तो जामवंत ने नहीं दी। इसके बाद दोनों का युद्ध हुआ। युद्ध में श्रीकृष्ण जीत गए। इसके बाद जामवंत ने मणि श्रीकृष्ण को दे दी और अपनी पुत्री जामवंती का विवाह भी भगवान के साथ कर दिया। द्वारका लौटकर श्रीकृष्ण ने वह मणि जामवंत से लेकर सत्राजित को दे दी और पूरी सच्चाई बता दी।

अंतर्मन

आज की पाती

बहुत जरूरी है मानसिक स्वास्थ्य

दस अक्टूबर को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। इस दिन बहुत से देशों में सरकारी और विभिन्न सामाजिक संगठन लोगों को मानसिक तनाव से बचने के बारे में जागरूक करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। हर व्यक्ति का शारीरिक ही नहीं, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य होना भी जरूरी है तभी हम जिंदगी के मजे ले सकते हैं। हमारे देश में आज शारीरिक अस्वस्थ लोगों का आंकड़ा ही नहीं बढ़ रहा है, बल्कि मानसिक रोगी भी बढ़ रहे हैं। मानसिक रोगी होने के मुख्य कारण कई गिनाए जा सकते हैं। संभवतः ही कि बहुत ही कम व्यक्ति ऐसे होंगे जो मानसिक स्वास्थ्य संकट के दायरे में आए होंगे। मानसिक स्वास्थ्य खराब होने के आंकड़े बढ़ने के कारण ही तो देश में आत्महत्या के केस बढ़ते जा रहे हैं। - विवेक वर्मा, औरंगाबाद

ट्रेंड

दैवीय शक्ति की उपासना

दैवीय शक्ति की उपासना को समर्पित नवरात्रि पर्व पर सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं। मां जगदम्बा की कृपा से सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य का संचार हो, तथा राष्ट्रीय एकता और प्रगति का संकल्प और सुदृढ़ हो।
- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

जनता की आवाज

भाजपा मोदी ने चुनाव में धांधली करके और जनता की आवाज को दबाकर भारत के लोकतंत्र की नींव को बर्बाद कर दिया है। वे चाहे जितना भी डराने-धमकाने की कोशिश कर लें, मोदी यह समझ नहीं पा रहे हैं कि उनका खेल, जो पिछले 10-15 सालों से चल रहा था, अब खत्म हो चुका है।
- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

सपनों की उड़ान

हरियाणा की बेटी अंशिका सोलंकी ने साबित कर दिखाया है कि सपनों की उड़ान उम्र की मोहताज नहीं होती। पावरलिफ्टिंग में 'इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स' में सबसे कम उम्र की रिकॉर्डहोल्डर के रूप में अपनी पहचान बनाई है।
- नायब सैनी, सीएम, हरियाणा

विपक्ष का दबाव

जब विपक्ष का दबाव बहुत ज्यादा बढ़ा, तो भाजपा सरकार को आनन-फानन में फैसले लेने पड़े। यह सरकार किसी झटके की तरह सुहानी रहती है, इस किनारे से दूसरे किनारे, कभी यहां, तो कभी वहां।
- अखिलेश यादव, सांसद, सपा

करंट अफेयर

ब्रिटेन में मोदी की '25 साल की जन सेवा' का जश्न मना



ब्रिटेन में प्रवासी भारतीयों के विभिन्न संगठनों का एक समूह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्वाचित पद पर 'जनसेवा के 25 वर्ष' के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। इस कार्यक्रम की शुरुआत शनिवार को 'हाउस ऑफ लॉर्ड्स' परिसर में हुई। इसकी मेजबानी लॉर्ड रामी रेंजर ने सरदार पटेल मेमोरियल सोसाइटी के अध्यक्ष के रूप में की। कार्यक्रम में असमिया और ओडिसी के पारंपरिक नृत्य, वायलिन वादन और औपचारिक रूप से केक काटने के आयोजन के जरिए भारत की सांस्कृतिक विविधता भी प्रदर्शित की गई। आयोजकों ने एक बयान में कहा, 'इन समारोहों के केंद्र में भारत का शाश्वत दर्शन 'वसुधैव कुटुम्बकम्' है

ऑफ बीट

क्या माउथवॉश हृदय के लिए हानिकारक होता है?

सोशल मीडिया पर कुछ वीडियो में दावा किया गया है कि माउथवॉश से उच्च रक्तचाप का खतरा बढ़ सकता है और हृदय की सेहत को नुकसान हो सकता है। कुछ वीडियो के अनुसार, ऐसा इसलिए होता है क्योंकि माउथवॉश मुंह के उन "अच्छे" बैक्टीरिया को खत्म कर देता है, जो हृदय और रक्त-प्रणाली के लिए जरूरी होते हैं। यह सुनने में चौंकाने वाला लग सकता है लेकिन आपको अभी अपना माउथवॉश फेंकने की जरूरत नहीं है। सच्चाई इससे कहीं ज्यादा जटिल है। हमारे मुंह में कई तरह के बैक्टीरिया होते हैं। ये सभी मिलकर एक संतुलित और विविध प्रकार के 'माइक्रोबायोम' बनाते हैं, जो हानिकारक बैक्टीरिया की बढ़त को रोकते हैं।

संक्षेप

सड़क हादसे में 28 वर्षीय सलमान खान की मौत, परिवार में मचा कोहराम

अमन लेखनी समाचार

रुपईडीहा, बहराइच। नगर पंचायत रुपईडीहा के सरस्वती नगर निवासी 28 वर्षीय सलमान खान पुत्र एजाज खान उर्फ छोटकउ की सोमवार सुबह सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। हादसे की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सोमवार सुबह आलू लदे ट्रक की चपेट में आने से सलमान खान गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय पुलिस के सहयोग से घायल युवक को उपचार के लिए जिला अस्पताल बहराइच भेजा गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त ट्रक नंबर UP76K8878को कब्जे में लेकर रुपईडीहा थाने में खड़ा करा दिया। युवक की मौत की खबर से मोहल्ले में शोक की लहर दौड़ गई। समाचार लिखे जाने तक पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद मृतक का शव परिजनों को सौंपे जाने की जानकारी मिली।

नारी सुरक्षा के लिए सड़कों पर उतरीं छात्राएं

एसपी ने हरी झंडी दिखाकर मिशन शक्ति रैली रवाना की

अमेठी, गौरीगंज में महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए मिशन शक्ति अभियान शुरू किया गया। एसपी सरवनन टी. ने पुलिस ऑफिस में जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। एसपी के नेतृत्व में रैली सुबह 10 बजे एसपी ऑफिस से निकली जो पूरे कस्बे के भ्रमण करने के बाद एसपी ऑफिस पहुंचकर समाप्त हुई। इस रैली में महिला पुलिसकर्मियों के साथ कस्तूरबा गांधी विद्यालय की छात्राओं ने भी हिस्सा लिया। हाथों में पोस्टर और बैनर लेकर उन्होंने शहर के अलग-अलग रास्तों से गुजरते हुए लोगों को जागरूक किया। रैली के दौरान महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। उन्हें अपने अधिकारों के बारे में बताया गया और किसी भी उत्पीड़न या अपराध की स्थिति में पुलिस की मदद लेने के लिए प्रेरित किया गया। अभियान का मकसद महिलाओं में सुरक्षा का भरोसा बढ़ाना और उन्हें सरकारी सहायता सेवाओं की जानकारी देना है। पुलिस ने संदेश दिया कि महिलाओं का सम्मान और सुरक्षा केवल पुलिस की नहीं, बल्कि पूरे समाज की जिम्मेदारी है।

होमगार्ड भर्ती के 453 अभ्यर्थियों का मेडिकल परीक्षण

अमेठी पुलिस लाइन अमेठी में 15 अक्टूबर से शुरू होगा

अमेठी ,होमगार्ड भर्ती के 453 उम्मीदवारों का मेडिकल परीक्षण 15 अक्टूबर से शुरू होगा। यह जांच रिजर्व पुलिस लाइन (पुरानी) अमेठी में की जाएगी। जिला कमांडेंट होमगार्ड्स अमेठी नीता भारतीय ने इसकी जानकारी दी है।

नवदुर्गा पूजा पंडाल का भव्य उद्घाटन, विधायक ने फीता काटकर की शुरूआत

अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। क्षेत्र में शारदीय नवरात्र की धूम के बीच प्रथम दिन माँ दुर्गा के एक भव्य पूजा पंडाल का उद्घाटन किया गया। इस धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे स्थानीय विधायक नानपारा राम निवास वर्मा व विशिष्ट अतिथि कोतवाल रूपईडीहा हरेंद्र कुमार मिश्रा ने फीता काटकर और दीप प्रज्वलन कर किया।उद्घाटन समारोह का आयोजन विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुआ। इस दौरान पूरा पंडाल माता के जयकारों और भक्ति गीतों से गूंज उठा। विधायक ने माँ दुर्गा की प्रतिमा के समक्ष शीश नवाकर क्षेत्र की सुख, शांति, समृद्धि और चहुंमुखी विकास की कामना की।श्री नव दुर्गा पूजा समिति बसभरिया के पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि विधायक राम निवास वर्मा, सहित प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र कुमार मिश्रा, युवा नेता सौरभ वर्मा, अमन वर्मा, उपनिरीक्षक भीम सिंह, पियूष सिंह सहित दर्जनों समाजसेवियों का भव्य स्वागत किया और उन्हें अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंट किया।इस अवसर पर विधायक ने आयोजकों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन हमारी समृद्ध संस्कृति और आपसी भाईचारे को मजबूत करते हैं।इस पावन अवसर पर भारी संख्या में पहले ही दिन माँ के दर्शन और भव्य पंडाल की सजावट को देखने के लिए स्थानीय नागरिकों और बच्चों में भारी उत्साह देखा गया।राकेश मुकेश आर्य, अजय सिंह, रामपाल गिरि, बालकरण, लवकुश, गुड्डू आर्य, राम गोपाल सोनकर, संतोष यादव, रामसेवक, अमेरिका तिवारी, बनारस गिरि, दिलीप गिरि, अमित सिंह, दलसिंह, संजय सिंह आदि समिति पदाधिकारी मौजूद रहे।

कोतवाल हरेंद्र मिश्रा की अनूठी पहल

नशा उन्मूलन कार्यक्रम में महिला को मौके पर मिला न्याय

अमन लेखनी समाचार

रुपईडीहा, बहराइच। समाज को नशे की बुराई से मुक्त करने और आमजन को न्याय दिलाने की दिशा में कोतवाली रुपईडीहा के प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र मिश्रा की अनूठी पहल चर्चा का विषय बनी हुई है।कलवारी में आयोजित नशा उन्मूलन कार्यक्रम के दौरान उन्होंने एक महिला की समस्या को गंभीरता से सुना और मौके पर ही उसके न्याय के लिए आवश्यक कार्रवाई की।पुलिस की इस संवेदनशील पहल की लोग सराहना कर रहे हैं और कोतवाल रूपईडीहा को धन्यवाद दे रहे हैं।

राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने नवनियुक्त बीईओ शिवम गुप्ता का किया अभिनंदन

शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने पर हुआ सकारात्मक संवाद

अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, विकासखंड नवाबगंज के ब्लॉक अध्यक्ष अरविन्द वर्मा के नेतृत्व में संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने नवनियुक्त खंड शिक्षा अधिकारी शिवम गुप्ता से शिष्टाचार भेंट कर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया।

इस अवसर पर महासंघ के पदाधिकारियों ने पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र एवं स्मृतिचिह्न भेंट कर उन्हें नवीन दायित्व के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। शिष्टाचार भेंट के दौरान ब्लॉक अध्यक्ष अरविन्द वर्मा ने खंड शिक्षा अधिकारी शिवम गुप्ता के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए आशा जताई कि उनके मार्गदर्शन में विकासखंड नवाबगंज की शैक्षणिक व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने, विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने तथा शिक्षकों की समस्याओं के प्रभावी समाधान की दिशा में सकारात्मक पहल होगी। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी शिवम गुप्ता ने महासंघ के पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देते हुए उनके सहयोग से शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार लाने की बात कही। उन्होंने शिक्षकों की जायज समस्याओं के नियमानुसार समाधान के लिए आवश्यक प्रयास करने का आश्वासन भी दिया। महासंघ के पदाधिकारियों ने कहा कि शिक्षक और विभाग एक-दूसरे के पूरक हैं। दोनों के बीच विश्वास, सम्मान और सहयोग का वातावरण तैयार होने से न केवल शिक्षकों की समस्याओं के समाधान में मदद मिलती है, बल्कि विद्यार्थियों को भी बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध होता है। इस अवसर पर विनोद गिरि, जितेंद्र शर्मा, अनीश चौधरी, नफीस कादरी, निगर सुलताना, बृजभूषण वर्मा, सुनील वर्मा, दिनेश पटेल, अपर्णा सक्सेना, आशीष पांडे, प्रदीप त्रिपाठी, धर्मेश श्रीवास्तव, वैभव सिंह, सुमित शुक्ला एवं नवनीत प्रेमी सहित राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

सांसद के हाथों सहायक उपकरण पाकर खिले दिव्यांगजनों के चेहरे

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल

बहराइच। सेवा संकल्प अभियान के अन्तर्गत महाराज सिंह इंटर कॉलेज परिसर में दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग जनपद बहराइच के द्वारा कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण तथा पिछड़ा वर्ग शादी अनुदान स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि सांसद डॉ० आनंद कुमार गोंड रहे। सांसद के साथ प्रतिनिधि सदर विधायक अशोक जायसवाल ,जिला महामंत्री भाजपा रणविजय सिंह आदि गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। आयोजित शिविर मे 50 हस्तचलित ट्राईसाइकिल, 05 व्हीलचेयर, 05 स्मार्ट केन,05 कान की मशीन, 15 मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल इत्यादि उपकरण वितरित कर पात्र दिव्यांगजनों को लाभान्वित किया गया। पिछड़ा वर्ग के 05 शादी अनुदान तथा 05 ओ-लेवल के लाभार्थियों को स्वीकृति प्रमाण पत्र भी वितरित किये गये। उक्त वितरण शिविर में जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, दोनों विभागों के कार्यलयी स्टॉफ, बचपन डे केयर स्टॉफ आदि उपस्थित रहे।

चक्रवाती तूफान से प्रभावित किसानों को राहत

कैसरगंज में 400 किसानों को प्रतीकात्मक चेक वितरित

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। उत्तर प्रदेश में हाल ही में आए चक्रवाती तूफान और खराब मौसम के कारण किसानों की फसलों को हुए भारी नुकसान को देखते हुए प्रभावित किसानों को राहत पहुंचाने की दिशा में पहल की गई।इसी क्रम में सोमवार को कैसरगंज तहसील सभागार में राहत राशि वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं कैसरगंज विधानसभा क्षेत्र के पूर्व भाजपा प्रत्याशी गौरव वर्मा ने तहसील क्षेत्र के करीब 400 किसानों को प्रतीकात्मक चेक वितरित किए। वहीं, लगभग 4 हजार किसानों के बैंक खातों में भी सहायता राशि ट्रांसफर की गई। प्राकृतिक आपदा के कारण फसलों को हुए नुकसान से प्रभावित किसानों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान और क्षेत्र के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। प्रतीकात्मक चेक प्राप्त करने वाले किसानों ने राहत राशि मिलने पर उम्मीद जताई कि इससे उन्हें फसल के नुकसान से उबरने में कुछ मदद मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने किसानों से संबंधित विभिन्न विषयों पर जानकारी ली। इस मौके पर उपजिलाधिकारी कैसरगंज प्रशांत कुमार नायक, तहसीलदार कैसरगंज, संबंधित क्षेत्रों के लेखपाल, कानूनगो सहित राजस्व विभाग के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

किसानों को राहत पहुंचाने पर जोर

चक्रवाती तूफान के चलते खेती-किसानी पर पड़े प्रतिकूल प्रभाव के बीच किसानों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराना महत्वपूर्ण माना जा रहा है। तहसील स्तर पर आयोजित इस कार्यक्रम के माध्यम से प्रभावित किसानों तक राहत पहुंचाने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया गया। कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों की मौजूदगी रही।

मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत कैसरगंज में निकाली गई जागरूकता रैली

छात्राओं ने दिया नारी सुरक्षा और सम्मान का संदेश

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से मिशन शक्ति फेज-5.0 के अंतर्गत सोमवार को थाना कैसरगंज क्षेत्र में जागरूकता रैली निकाली गई। हुकुम सिंह इंटर कॉलेज की छात्राओं ने रैली में शामिल होकर समाज को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान और नारी स्वावलंबन का संदेश दिया। रैली के माध्यम से छात्राओं ने महिलाओं और बालिकाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने तथा किसी भी प्रकार की समस्या होने पर पुलिस की सहायता लेने का संदेश दिया। रैली में पुलिसकर्मियों की मौजूदगी रही और छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने, उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करने तथा महिला संबंधी अपराधों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। नारी एक, रूप अनेक के संदेश के साथ आयोजित इस जागरूकता कार्यक्रम ने महिला सुरक्षा और सशक्तीकरण के प्रति सामाजिक जिम्मेदारी को रेखांकित किया।

चिकित्सक ने बेटी के जन्मदिन पर मरीजों को दिया निशुल्क चिकित्सा का लाभ

न्यूरो सर्जन डॉ शिवम मदेशिया के कार्यों की हो रही सराहना

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल

मोतीपुर, बहराइच। कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग क्षेत्र के प्राकृतिक क्षेत्र नगर पंचायत मिहींपुरवा निवासी एमबीबीएस न्यूरोसर्जन डॉ शिवम मदेशिया ने अपनी बेटी ईशानी के जन्मदिन पर मरीज को निशुल्क चिकित्सा जांच लाभ देकर एक मिसाल पेश की है। समाज में जहां चिकित्सकों के प्रति कुछ लोगों में नकारात्मक बातें सुनने को मिलती है वही चिकित्साक शिवम मदेशिया ने अपनी बेटी के जन्मदिन पर लगभग दो सौ मरीजों का निशुल्क चिकित्सा जांच लाभ देकर मिसाल पेश करते हुए जरूरतमंदों के लिए मसीहा बनकर उभरे हैं। शिवम मदेशिया ने लगभग एक सप्ताह पूर्व अपनी बेटी के जन्मदिन पर निशुल्क चिकित्सा जांच आयोजित करने के बारे में सोशल मीडिया सहित विभिन्न प्लेटफॉर्मों पर प्रचार प्रसार किया, फल स्वरुप रविवार को बेटी ईशानी के जन्मदिन पर मां पीतांबरा ब्रेन स्पाइन एंड ट्रामा सेन्टर बहराइच में सुबह से लेकर शाम तक निशुल्क ओपीडी चलती रही जिसमें जरूरतमंद गरीब असहाय मरीजों को इसका सीधा लाभ मिला। निशुल्क चिकित्सा का लाभ पाकर मरीज ने डॉक्टर शिवम मदेशिया और उनकी बेटी ईशानी के लिए दिल खोलकर ईश्वर से प्रार्थनाएं करते हुए दुवाएं दी।

नाला निर्माण व सफाई कार्य का बीडीओ ने किया निरीक्षण

कार्य कर रहे श्रमिकों को अंगवस्त्र भेंट कर किया सम्मानित

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। विकासखंड नवाबगंज के अंतर्गत ग्राम पंचायत बख्तावर गांव में ग्रामीण विकास एवं जल संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कार्य कराये जा रहे बीबी जी राम जी योजना के तहत ग्रामीण अनूप के खेत से लेकर नहर तक वर्षा के जल की सुगम निकासी हेतु नाले के निर्माण एवं सफाई का कार्य तेजी से चल रहा है। इसी क्रम में खंड विकास अधिकारी दीपेंद्र पांडेय ने कार्यस्थल पर पहुंचकर विकास कार्यों का औचक निरीक्षण किया और गुणवत्ता व श्रमिकों की उपस्थिति का जायजा लिया। इस दौरान बीडीओ दीपेंद्र पांडेय ने कार्य की गुणवत्ता को परखा और संबंधित कर्मचारियों को समय सीमा के भीतर व पूरी पारदर्शिता के साथ काम पूरा करने के कड़े निर्देश दिए। मौके पर एपीओ अनिल कुमार तिवारी, सचिव सूरज कुमार, जेई अरविंद कुमार, प्रधान प्रतिनिधि सरनाम आदि मौजूद रहे। अंत मे सभी श्रमिकों को बीडीओ द्वारा अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित भी किया गया।

उप्र अपराध निरोधक समिति के तत्वाधान में आयोजित नवदुर्गा पूजा समिति का हुआ भव्य उद्घाटन

अमन लेखनी समाचार

रुपईडीहा, बहराइच। भारत नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र ग्राम पंचायत मुरलीधर दंदौली के पंडित पुरवा गांव में नव दुर्गा पूजा समिति के पंडाल मे स्थापित मां दुर्गा की पूजा का नवरात्रि के प्रथम दिन भव्य उद्घाटन किया गया। ब्लॉक प्रमुख नवाबगंज जयप्रकाश सिंह व कोतवाल रूपईडीहा हरेंद्र मिश्रा के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काट कर मां दुर्गा भवानी की पूजा अर्चना का प्रथम दिन शुभारंभ हुआ। इस दौरान समिति पदाधिकारी अम्बिका प्रसाद मिश्रा, शेर सिंह कसौधन व रमेश कुमार मिश्रा द्वारा संयुक्त रूप से आए हुए सभी अतिथियों को अंगवस्त्र व प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन इमीग्रेशन चेक पोस्ट पर तैनात उप निरीक्षक आशुतोष दुबे ने किया। समस्त आयोजन विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुआ। इस दौरान पूरा पंडाल माता के जयकारों भक्तिभाव भक्तिमय गीतों से गूंज उठा। इस मौके पर पूर्व ज्येष्ठ ब्लॉक प्रमुख तेज प्रसाद वर्मा, सुरेश कुमार वर्मा, श्रवण कुमार कसौधन, पत्रकार श्याम कुमार मिश्रा आदि मौजूद रहे।

मां राजेश्वरी देवी की पुण्यतिथि में आयोजित हुए विविध आयोजन

महिलाओं को वितरित की गई साड़ियाँ

महिला पुलिस कर्मियों ने किया महिलाओं से सीधा संवाद

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। सोमवार को नवाबगंज के ग्राम पंचायत कलवारी में एस पी सिंह के आवास पर मां राजेश्वरी देवी की पुण्यतिथि में श्रद्धांजलि सभा एवं नशा उन्मूलन गोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख नवाबगंज एवं विशिष्ट अतिथि कोतवाल रुपईडीहा एवं चौकी प्रभारी बाबागंज रहे। अपने संबोधन में ब्लॉक प्रमुख जयप्रकाश सिंह ने कहा कि हमें सामाजिक कुरीतियों को दूर करना होगा और नशे को ना स्वस्थ जीवन को हां कहकर जीवन यापन करना होगा। कोतवाल रुपईडीहा हरेंद्र मिश्रा ने कहा कि नशे पर लगातार कार्यवाही की जा रही है साथ ही नशा करने वाले नशा बेचने वाले एवं जो भी नशे के ऐसे बड़े कारोबारी हैं उन पर शिकंजा भी कसा जा रहा है कहीं से भी कोई अप्रिय घटना अगर होती है तो उसकी सूचना पुलिस को दी जाए। इस दौरान रूपईडीहा थाने से आई महिला पुलिस कर्मियों ने उपस्थित सभी महिलाओं को मिशन शक्ति एवं साइबर फ्रॉड के बारे में विस्तार से समझाया। मौके पर बाबागंज चौकी प्रभारी मानवेन्द्र सिंह, दुर्गेश वर्मा, रमेश विश्वकर्मा, धर्मेंद्र सिंह, पवन सिंह, रोहित सिंह, छेदा खा सहित काफी संख्या मे ग्रामीण उपस्थित रहे।

एलडीबी बैंक का फील्ड ऑफिसर 10 हजार रिश्वत लेते पकड़ा

लोन स्वीकृत कराने के नाम पर मांगी थी रकम, एंटी करप्शन टीम ने रामापुर ओवरब्रिज के पास घेरा

अमन लेखनी समाचार

प्रतापगढ़ ,एंटी करप्शन टीम ने रानीगंज स्थित एलडीबी बैंक के फील्ड ऑफिसर हरिश्चंद्र चौरसिया को कथित तौर पर 10 हजार रुपये रिश्वत लेते पकड़ लिया। आरोपी पर कृषि कार्य और पशुशाला के लिए लोन स्वीकृत कराने के नाम पर रिश्वत मांगने का आरोप है। कार्रवाई के बाद टीम आरोपी के खिलाफ आवश्यक कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने में जुटी रही। जानकारी के मुताबिक, रानीगंज क्षेत्र के सुजहा गांव निवासी विजयकांत बिंद ने कृषि कार्य और पशुशाला आदि के लिए एलडीबी बैंक रानीगंज से लोन के लिए आवेदन किया था। आरोप है कि लोन स्वीकृत कराने के एवज में बैंक के फील्ड ऑफिसर हरिश्चंद्र चौरसिया ने उनसे रिश्वत की मांग की। इससे परेशान होकर विजयकांत ने मामले की लिखित शिकायत एंटी करप्शन टीम से की। शिकायत मिलने के बाद टीम ने आरोपी को पकड़ने के लिए जाल बिछाया। सोमवार दोपहर फील्ड ऑफिसर ने विजयकांत को रिश्वत की रकम देने के लिए फतनपुर बुलाया। इसके बाद वह उन्हें कार में बैठाकर गीतानगर ले गया। वहां से आगे बढ़ते हुए वह धरी स्थित एक पेट्रोल पंप के पास पहुंचा, जहां कथित तौर पर विजयकांत से 10 हजार रुपये नकद लिए। रामापुर ओवरब्रिज के पास पकड़ा बताया गया कि एंटी करप्शन टीम पहले से ही आरोपी की गतिविधियों पर नजर रख रही थी। रिश्वत की रकम लेने के बाद जब फील्ड ऑफिसर कार से आगे बढ़ा तो टीम ने रामापुर ओवरब्रिज के पास उसकी कार रोक ली और घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया।

पुलिस ने 147 गुम मोबाइल बरामद किए

23.52 लाख रुपये कीमत के फोन मालिकों को लौटाए

अमन लेखनी समाचार

प्रतापगढ़ ,पुलिस ने 147 गुम मोबाइल फोन बरामद किए हैं। इनकी कुल कीमत करीब 23.52 लाख रुपये बताई गई है। पुलिस ने बरामद मोबाइल फोन उनके मालिकों को सौंप दिए। अपर पुलिस अधीक्षक ने सोमवार दोपहर दो बजे पुलिस लाइन स्थित साई कॉम्प्लेक्स में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसकी जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, केंद्रीय उपकरण पहचान रजिस्टर पोर्टल पर मोबाइल फोन की तलाश और बरामदगी के मामले में जिले ने उल्लेखनीय सुधार किया है। अप्रैल में प्रतापगढ़ इस मामले में 40वें स्थान पर था, जबकि सितंबर में 35 पायदान की छलांग लगाकर पांचवें स्थान पर पहुंच गया। सितंबर में पोर्टल पर जनरेट हुई ट्रेसबिलिटी के सापेक्ष 85 प्रतिशत मोबाइल फोन बरामद किए गए। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर और अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) आलोक कुमार के निर्देशन में सर्विलांस टीम, साइबर टीम और जिले के विभिन्न थानों की पुलिस ने तकनीकी सहायता से गुम मोबाइल फोन की तलाश की। अभियान के तहत कुल 147 मोबाइल फोन बरामद किए गए।

गुम या चोरी हुए मोबाइल की ऐसे करें शिकायत

मोबाइल फोन गुम या चोरी होने पर संबंधित थाने में सूचना देने के साथ भारत सरकार के दूरसंचार विभाग के उएकफ पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। यह पोर्टल मोबाइल के कटएक नंबर के आधार पर गुम या चोरी हुए फोन को ब्लॉक कराने में मदद करता है। शिकायत मिलने के बाद पुलिस और तकनीकी टीमें मोबाइल फोन की तलाश में जुटती हैं।

संक्षेप

गन्ने के खेत में मिला युवक का शव

हत्या की आशंका, गले और चेहरे पर चोट के निशान, पुलिस ने केस दर्ज किया

बागपत ,इदरीशपुर गांव में सुबह गन्ने के खेत में एक युवक का शव मिला। मृतक की पहचान 41 वर्षीय पुष्पेंद्र के रूप में हुई है। उसके चेहरे और गले पर चोट के निशान मिले हैं, जिससे हत्या की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने पीड़ित परिवार की शिकायत पर देर रात्रि मामला दर्ज कर लिया है पुष्पेंद्र की बाइक खेत से कुछ दूरी पर खड़ी मिली थी। सूचना पर एसपी पूर्णेन्दु सिंह और एडिशनल एसपी प्रवीण सिंह चौहान सहित कई अधिकारी मौके पर पहुंचे। फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। सीसीटीवी देख रही पुलिस पुलिस मामले की जांच में जुटी है। दोघट थाना प्रभारी केवल सिंह ने बताया कि अब तक 25 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा चुके हैं। कॉल डिटेल सहित अन्य बिंदुओं पर भी जांच चल रही है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

त्यौहारों को लेकर पुलिस अलर्ट

एसपी ने निर्देश जारी किए, जिले को 5 जोन, 13 सेक्टर और 54 सब-सेक्टर में बांटा

बागपत ,आगामी दुर्गा पूजा और दशहरा पर्व को देखते हुए पुलिस अलर्ट पर है। एसपी ने निर्देश जारी किए हैं। जिले को 5 जोन, 13 सेक्टर और 54 सब-सेक्टर में बांटा गया है। बागपत एसपी पूर्णेन्दु सिंह ने सुबह 8 बजे आदेश जारी किया है। सुरक्षा के लिए 1 अपर पुलिस अधीक्षक, 5 सीओ, 19 निरीक्षक, 60 उपनिरीक्षक, 117 मुख्य आरक्षी, 134 आरक्षी, 60 होमगार्ड/पीआरडी, 45 चौकीदार, 1 क्यूआरटी और 1.5 प्लाटून पीएसी तैनात है। कुल 440 पुलिसकर्मी तैनात हैं। मूर्ति विसर्जन के लिए हर घाट पर गोताखोर लगाए गए हैं। सोशल मीडिया पर भी कड़ी नजर है, अफवाह फैलाने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। शांति के लिए 22 बैठकें भी हुई हैं। रावण दहन स्थलों पर बैरिकेडिंग व अग्निशमन व्यवस्था रहेगी। विसर्जन स्थलों पर चेतावनी बोर्ड और रोशनी का इंतजाम होगा। महिला सुरक्षा के लिए एंटी रोमियो टीम मेलों, बाजारों में चेकिंग करेगी। सीसीटीवी व ड्रोन कैमरों से निगरानी होगी।

2 इंस्पेक्टर और 3 दरोगा का ट्रांसफर

सरूरपुर चौकी प्रभारी बदले, सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के निर्देश जारी

बागपत ,एसपी पूर्णेन्दु सिंह ने पुलिसकर्मियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। उन्होंने दो इंस्पेक्टर और तीन दरोगा का ट्रांसफर किया है। यह फेरबदल जिले की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए किया गया है। इन बदलावों में सरूरपुर चौकी प्रभारी कुलजीत सिंह को पीआरओ बनाया गया है। खेकड़ा थाने में तैनात दरोगा अमूल शर्मा को सरूरपुर चौकी की नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। इंस्पेक्टर अतर सिंह को पैरवी सेल प्रभारी से हटाकर वाचक पुङ्अङ्(मुख्य प्रशासनिक सहायक) बनाया गया है। वहीं, इंस्पेक्टर पप्पू सिंह ठेनुआ को अपराध निरीक्षक बिनोली से हटाकर पैरवी सेल प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है। दरोगा सिद्धार्थ सक्सेना को मीडिया सेल का प्रभारी नियुक्त किया गया है।

वैदिक मंत्र उच्चारण के बीच 101 जोड़ों ने थामा एक दूसरे का हाथ

क्षेत्रीय प्रतिनिधियों ने उज्जवल जीवन के लिए दिया शुभ आशीर्वाद

अमन लेखनी समाचार

जहानाबाद, फतेहपुर ,कस्बा जहानाबाद के अमौली रोड स्थित बीएनयू महाविद्यालय में सुबह से ही मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत जहानाबाद विधानसभा क्षेत्र के 113 विवाह पंजीकरण में 101 जोड़ा ने वैदिक मंत्रों के बीच आचार्य के द्वारा मंत्रों की शपथ लेते हुए एक दूसरे के साथ जीने मरने की कसम खाते हुए हाथ थमते नजर आए मौके पर क्षेत्रीय विधायक राजेंद्र सिंह पटेल सांसद प्रतिनिधि राजेंद्र वर्मा उर्फ पप्पू वर्मा सहित छेत्री जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने वर वधु को आशीर्वाद दिया विधायक राजेंद्र सिंह पटेल अपने संबोधन पर मुख्यमंत्री द्वारा चलाई गई सामूहिक विवाह योजना पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया या योजना से विवाह में होने वाली फिजूल खर्ची बचने के साथ-साथ पुणे आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने हेतु सरकार द्वारा उन्हें आर्थिक मदद भी दी जा रही है उन्होंने अपने संबोधन पर सरकार की अन्य योजनाओं पर प्रकाश से डाला तथा कहा सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाएं जनहित कल्याणकारी हैं जिसका लाभ अब आम लोगों को सीधे मिल रहा है सरकार द्वारा लाभार्थियों के खाते में सीधे पैसा भेजने का वर्तमान सरकार कार्य कर रहे हैं उन्होंने पूर्ववर्ती सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि पिछली सरकारों में योजनाओं का पैसा बंदर बात होता था बिचौलियों के हाथ में पैसा जाते ही उसमें हिस्सा लगने का काम शुरू हो जाता था किंतु वर्तमान सरकार द्वारा लाभार्थियों के खाते में सीधे पैसा भेजने का काम किया जा रहा है इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी नगर पंचायत सदस्य अधिकारी पंकज कुमार सहित विकास खंड अमौली, देवमई, मलवा, अमौली ब्लॉक खंड विकास अधिकारी मौजूद कार्यक्रम का संचालन समाजसेवी उमेश त्रिवेदी ने किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से विवेक उत्तम अनुराग उत्तम डा ओमप्रकाश पाल अतुल अग्निहोत्री आर्य कुमार पाणडेय जालिंद्री गिहार, मंडल अध्यक्ष नितिन ओमर मौजूद थें।

मिशन शक्ति अभियान फेज 6 का जनपद में हुआ आगाज

जिलाधिकारी निधी गुप्त वत्स ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया रैली

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर ,जनपद की जिलाधिकारी निधी गुप्ता वत्स ने बालिकाओं की सुरक्षा सम्मान स्वावलंबन एवं महिला सशक्तिकरण के प्रति जन जागरूकता बढ़ाते हुए जनपद में मिशन शक्ति अभियान फेज 6 का शुभारंभ किया कार्यक्रम के शुभारंभ में जिलाधिकारी के साथ अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञान प्रकाश राय ने भी संयुक्त रूप से मिलकर हरी झंडी दिखाते हुए जागरूकता रैली निकाली निकाली गई रैली में प्रतिभागी बने क्षेत्राधिकारी नगर मिशन शक्ति प्रभारी महिला थाना प्रभारी समेत अन्य अधिकारी पुलिसकर्मी तथा अनेक विद्यालयों की छात्राओं ने सहभागिता निभाई जिलाधिकारी ने रैली के माध्यम से महिलाओं तथा बालिकाओं में समाहित शक्ति सामर्थ्य एवं क्षमता को प्रदर्शित करते हुए उन्हें अपनी शिक्षा सम्मान तथा सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया वही कार्यक्रम अंतर्गत बालिकाओं को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में भी जानकारियां दी गई इस मौके पर जनपद के सभी गणमान्य लोग भी मौजूद रहे

दो बाइकों की हुई भीषण भिड़ंत में अधेड़ की जीवन लीला समाप्त

अमन लेखनी समाचार

बिंदकी, फतेहपुर,जनपद के बिंदकी कोतवाली थाना क्षेत्र के छीछा मोड के समीप विगत रात्रि रविवार प्रातः सोमवार को दो मोटरसाइकिलों में भीषण भिड़ंत हो गई जहां एक बाइक में सवार अधेड़ 55 वर्षीय संतोष पुत्र स्वर्गीय वासुदेव शुक्ल निवासी गांव मेंउना कोतवाली बिंदकी बुरी तरह घायल हो गए आनन-फानन घायल को नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिंदकी में भर्ती किया गया जहां हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के पश्चात सीधे कानपुर रेफर कर दिया परिजन कानपुर शहर के एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे जहां इलाज के पश्चात अधेड़ की सांसें कल सोमवार सुबह थम गई यह जानकारी जैसे ही परिजनों को मिली तो घर में हाहाकर मच गया वहीं परिजनों द्वारा मिली जानकारी के अनुसार एक तिलक समारोह में शामिल होने मृतक दरियापुर मोड़ के समीप एक गेस्ट हाउस गया था जहां से वापस होने पर छीछा मोड़ के सामने से आ रही मोटरसाइकिल से टक्कर हो गई इस घटना से पूरा परिवार शोकाकुल हो उठा

पूतना वध के साथ जयकारों से गूंज उठा प्रांगण

मां के दरवार में चल रहे श्री शत्चण्डी महायज्ञ में मन्दिर प्रांगण में दिखी लोगों की भीड़

अमन लेखनी समाचार

बिंदकी फतेहपुर। खजुहा कस्बे के दक्षिण दिशा में स्थित मां पन्थेश्वरी धाम में चल रहे 25 वे श्री शत्चण्डी महायज्ञ में दूसरे दिन मन्दिर प्रांगण में भक्तों की भीड़ देखने को मिली ।मां पन्थेश्वरी पीठ के पीठाधीश्वर आचार्य आयुष द्विवेदी जी महाराज ने बताया कि मां के दरवार में आयोजित होने वाला यह 25 वां चण्डी महायज्ञ है , जिसमें वैदिक आचार्यो द्वारा 131 चण्डी पाठ किए जाएंगे ।वहीं दूसरी ओर मथुरा से आई रासलीला मण्डल के द्वारा पूतना वध की लीला का मंचन किया गया जिसको देखकर जन मानस ने योगेश्वर श्री कृष्ण के जयकारे लगाए, मन्दिर में वैदिक आचार्यो की श्रंखला में प्रधान पुजारी आचार्य आयुष द्विवेदी जी महाराज के सहयोगी आचार्य गण के रूप में वैदिक अथर्ववेद आचार्य अमन मिश्रा व शुक्ल यजुर्वेद आचार्य प्रियांशु दुबे जी मैजूद है ।

नेशनल एंटी करप्शन ऑपरेशन ऑफ इंडिया के कार्यालय का हुआ शुभारंभ

अमन लेखनी समाचार

जहानाबाद,फतेहपुर। कस्बा मलिकपुर में आज नेशनल एंटी करप्शन ऑपरेशन ऑफ इंडिया के नवीन कार्यालय का उद्घाटन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ किया गया ।कार्यालय का उद्घाटन जिला प्रभारी कुलदीप गुप्ता के कर-कमलों द्वारा कार्यालय की नाम प्लेट देकर किया गया।

इसके उपरांत जिला प्रभारी कुलदीप गुप्ता ने सभी पदाधिकारियों को नाम प्लेट देकर सम्मानित किया और संगठन के प्रति उनके समर्पण की सराहना की ।इस अवसर पर उन्होंने कहा कि संगठन का मुख्य उद्देश्य भ्रष्टाचार को जड़ से खत्म करना, पारदर्शिता लाना और आम जनमानस को न्याय दिलाना है। उन्होंने कहा - ₹भ्रष्टाचार देश के विकास में सबसे बड़ी बाधा है। कोड़ा जहानाबाद में कार्यालय खुलने से क्षेत्र के लोगों को भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने के लिए एक मजबूत मंच मिलेगा ।इस अवसर पर प्रमुख रूप से मंडल युवा अध्यक्ष दीपक कुमार, जिला अध्यक्ष विजय गौतम, कानपुर युवा अध्यक्ष लल्लन कुशवाहा, संजय यादव, महिला प्रकोष्ठ कानपुर से सलोनी, जिला प्रवक्ता राजेश बाजपेई, युवा अध्यक्ष फतेहपुर मोहम्मद शकील, महिला अध्यक्ष अफसाना, तहसील उपाध्यक्ष मोहम्मद इमरान, युवा सेक्रेटरी जय सिंह एवं तहसील अध्यक्ष मालती सहित अन्य पदाधिकारी व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

कोचिंग संचालक ने सुसाइड किया

कोचिंग सेंटर में फंदे पर लटका मिला शव, पुलिस ने जांच शुरू की

अमन लेखनी समाचार

मेरठ ,कंकरखेडा थाना क्षेत्र में एक कोचिंग सेंटर संचालक ने कोचिंग सेंटर के अंदर सुसाइड कर लिया। उसका शव फंदे पर लटका था। मकान मालिक ने शव देखकर पुलिस को सूचना दी। जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुची पुलिस ने शव को फंदे से उतारवाकर पोस्टमार्टम को भेजकर जांच शुरू कर दी है।

कंकरखेड़ा थाना क्षेत्र की डीसी एनक्लेव का रहने वाला अश्वनी गली नंबर 1 की न्यू सैनिक कॉलोनी में कोचिंग सेंटर चलता था। वह घर से कोचिंग सेंटर जाने के लिए निकले, और अपने कोचिंग सेंटर में फांसी का फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। मकान मालिक ने फंदे पर लटके अश्वनी के शव को देखकर मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस में आसपास के लोगों की मदद से अश्विनी को फंदे से उतरवाने के बाद कैलाश हॉस्पिटल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के समय कोचिंग सेंटर में कोई मौजूद नहीं था। फिलहाल अश्वनी के सुसाइड करने के कारण स्पष्ट नहीं हो पाए है। पुलिस ने घटना की जानकारी मृतक के परिवार वालों को दे दी है। मामले की जानकारी मिलते ही परिवार वालों में कोहराम मच गया। परिवार के लोग घटनास्थल के लिए रवाना हो गए हैं, वहीं पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच कर रही है।

फायरिंग के मामले में 3 आरोपी गिरफ्तार

छेड़छाड़ का विरोध करने पर की थी गोलीबारी, .32 बोर की पिस्टल बरामद

अमन लेखनी समाचार

मेरठ , लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र के आमिर गार्डन में हुई फायरिंग के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। घटना के बाद पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही थी। आरोप है कि एक लड़की से छेड़छाड़ का विरोध करने पर विवाद हुआ था। इसके बाद आरोपी अपने साथियों के साथ तीन बाइकों से पहुंचे और रहमान की गली में फायरिंग कर दी। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से .32 बोर की अवैध पिस्टल बरामद की है। इनमें से एक आरोपी का पिस्टल से हवाई फायरिंग करते हुए वीडियो भी वायरल हुआ था।

छेड़छाड़ के विरोध पर हुआ था विवाद

जानकारी के अनुसार, आमिर गार्डन निवासी उजैर पर कुछ दिन पहले एक लड़की से छेड़छाड़ करने का आरोप लगा था। मोहल्ले के रहमान और शाहबाज ने इसका विरोध किया था। बताया जा रहा है कि इसी बात को लेकर उजैर उनसे नाराज था। रात उजैर अपने साथियों के साथ तीन बाइकों से रहमान की गली में पहुंचा। उस समय रहमान, शाहबाज और उनके कुछ अन्य साथी वहां मौजूद थे। आरोप है कि उजैर और उसके साथियों ने पहुंचते ही ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी।

गोलियों की आवाज सुनकर मची भगदड़

अचानक हुई फायरिंग से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। रहमान, अरबाज और उनके साथ मौजूद अन्य लोगों ने आसपास के घरों में घुसकर अपनी जान बचाई। सूचना मिलने पर लिसाड़ी गेट पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने आरोपियों की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली थी। जांच के बाद तीनों वांछित आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया।

उजैर पर पहले भी दर्ज हैं कई मुकदमे

लिसाड़ी गेट थाना प्रभारी दलबीर सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान उजैर, शोएब और अल्फेज के रूप में हुई है। उजैर लोहियानगर क्षेत्र की जाकिर कॉलोनी का निवासी है। उसके खिलाफ मेरठ के विभिन्न थानों में जानलेवा हमला, मारपीट, धमकी और आर्म्स एक्ट समेत कई मुकदमे दर्ज हैं।

ट्रक ने 4 को रौंदा, क्लर्क समेत 3 की मौत

मेरठ में सड़क पार कर रहे थे, तीनों एक ही गांव के रहने वाले थे

अमन लेखनी समाचार

मेरठ ,मेरठ-करनाल हाईवे पर रात तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क पार कर रहे 4 लोगों को टक्कर मार दी। हादसे में इंटर कॉलजे के क्लर्क समते 3 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, चौथा व्यक्ति घायल हो गया। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर भाग गया। राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वहीं, घायल व्यक्ति को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तीनों एक ही गांव के रहने वाले थे। एक साथ तीन लोगों की मौत की खबर से गांव में मातम पसर गया।

सड़क पार करते समय ट्रक ने मारी टक्कर

दबथुआ गांव के रहने वाले रमेश (55), सुशील (47), अमर (30) और रोहित रात में सड़क पार कर रहे थे। इसी दौरान मेरठ की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि रमेश, सुशील और अमर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि रोहित गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। कुछ ही देर में बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर जुट गए। पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लिया। वहीं, घायल को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया।

मृतकों में कॉलेज का क्लर्क, दुकानदार और मजदूर

हादसे में जान गंवाने वाले रमेश मुरादनगर स्थित किसान इंटर कॉलेज में क्लर्क के पद पर कार्यरत थे। सुशील गांव में ही परचून की दुकान चलाते थे, जबकि अमर मजदूरी करके अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। हादसे में घायल रोहित का अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस अधीक्षक देहात अभिजीत कुमार ने बताया कि हादसे में 3 लोगों की मौत हुई है, जबकि रोहित घायल है। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस चालक की तलाश की जा रही है। पुलिस ने परिजनों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

यूनिवर्सिटी से लौट रहे दो भाइयों पर कुल्हाड़ी-डंडों से हमला

जान बचाकर भागे भाई, आरोपियों ने कार तोड़ी; 3 नामजद पर केस दर्ज

अमन लेखनी समाचार

जेवर,फरीदाबाद के दो भाइयों पर ग्रेटर नोएडा में कुल्हाड़ी और डंडों से हमला किया गया। यह घटना रात करीब 12 बजे यमुना एक्सप्रेसवे के सर्विस रोड पर हुई। दोनों भाई नोएडा इंटरनैशनल यूनिवर्सिटी में एक कार्यक्रम से लौट रहे थे। हमलावरों ने उनकी कार को बुरी तरह तोड़ दिया, लेकिन दोनों भाई कार से कूदकर अपनी जान बचाने में कामयाब रहे। पीड़ित नईम ने पुलिस को बताया कि वह अपने भाई मोहिन के साथ पंजाबी गायक के लाइव कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। घर लौटते समय कार सवार तीन लोगों ने उनकी गाड़ी रोककर हमला किया। दनकौर कोतवाली में नईम की शिकायत पर शाम 6:30 बजे केस दर्ज किया गया। पुलिस ने हरियाणा के छायसा निवासी अनुज, विनय और तुषार को नामजद किया है। पुलिस के मुताबिक, यूनिवर्सिटी में कार्यक्रम के दौरान दोनों पक्षों के बीच झगड़ा हुआ था। इसी झगड़े की वजह से हमला किया गया।

इंडियन बैंक के एटीएम में आग लगी

बुझाने में 30 मिनट लगे, मशीन और बैंक के दस्तावेज सुरक्षित; शॉर्ट सर्किट की आशंका

अमन लेखनी समाचार

नोएडा,बैंक के एटीएम में लगी आग के दौरान निकलता धूंआ। नोएडा के भंगेल में शाम इंडियन बैंक के एटीएम में आग लग गई। एटीएम बैंक के अंदर से जुड़ा था, जिससे आग फैलने का खतरा था। सूचना पर पहुंची दमकल की एक गाड़ी ने करीब 30 मिनट में आग पर काबू पा लिया। घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। एटीएम मशीन और बैंक के दस्तावेज भी सुरक्षित रहे।

बैंक से जुड़ा था एटीएम

मुख्य अग्निशमन अधिकारी (सीएफओ) गौतमबुद्ध नगर प्रदीप कुमार के मुताबिक, आग एटीएम से शुरू हुई थी। शुरूआती जांच में आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट होने की आशंका है। एटीएम बैंक के अंदर से जुड़ा हुआ था, जिससे आग फैलने का खतरा था। समय रहते आग बुझा दी गई, जिससे बड़ा हादसा टल गया। साथ ही एटीएम मशीन भी सुरक्षित है।

बैंक अधिकारी रहे मौजूद

सीएफओ ने बताया कि आग बुझाने के दौरान बैंक के अधिकारी भी मौके पर मौजूद थे। आग से बैंक के दस्तावेजों को नुकसान नहीं पहुंचा। घटना में किसी के घायल होने या जान जाने की सूचना नहीं है।

ग्रेटर नोएडा में मसाला फैक्ट्री पर छापा

नवरात्रों के चलते खाद्य सुरक्षा विभाग ने चलाया चेकिंग अभियान, मालिक पर एफआईआर

अमन लेखनी समाचार

गौतम बुद्ध नगर,जिलाधिकारी मेधा रूपम के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग ने नवरात्रों के चलते ग्रेटर नोएडा वेस्ट के इटहेरा में धर्मेश इंडस्ट्रीज मसाला फैक्ट्री पर छापा मारा। यहां से 13 मसालों के नमूने जांच के लिए लिए गए। सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय सर्वेश मिश्रा ने बताया कि टीम को फैक्ट्री में 125 किग्रा मिर्च बीज, 1050 किग्रा हल्दी पाउडर, 315 किग्रा धनिया पाउडर, 525 किग्रा मिर्च पाउडर, 360 किग्रा धनिया के टुकड़े, 140 किग्रा साबुत हल्दी, 600 किग्रा धनिया की डंडी की भूसी, 180 किग्रा अन्य की डंडी मिर्च बीज, 100 किग्रा सोयाबीन की बड़ी, 300 किग्रा साबुत मिर्च, 2 किग्रा पीला रंग, 2 किग्रा लाल रंग और 60 किग्रा सरसों का तेल मिला। यह सभी मसाले बनाने में इस्तेमाल हो रहे थे। पीले, लाल रंग व भूसी जैसे मिलावटी सामानों सहित कुल 13 नमूने जांच को लिए गए। करीब 3759 किग्रा सामग्री सीज हुई। फैक्ट्री मालिक पर बिसरख थाने में एफआईआर दर्ज हुई, लाइसेंस रद्द करने की कार्रवाई भी चल रही है। ओ पी सिंह, विशाल कुमार गुप्ता, विजय बहादुर पटेल, रविंद्र नाथ वर्मा, मुकेश कुमार और रितु सक्सैना इस कार्रवाई में शामिल रहे। सहायक आयुक्त ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर आगे भी ऐसे ही जांच अभियान चलेंगे ताकि लोगों को शुद्ध खाने-पीने का सामान मिल सके।

मिशन शक्ति के तहत छात्राओं को सुरक्षा और अधिकारों के प्रति किया जागरूक

अमन लेखनी समाचार

हरदोई। महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा को लेकर चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान फेज-6 के तहत सोमवार को थाना कासिमपुर पुलिस ने जागरूकता की नई पहल की। प्रभारी निरीक्षक घनश्याम राम के नेतृत्व में पुलिस टीम ने संतोष कुमार इंटर कॉलेज में छात्राओं के साथ जागरूकता रैली निकालकर महिला सुरक्षा, अधिकारों और आपातकालीन सहायता सेवाओं के प्रति जागरूक किया। रैली के दौरान पुलिसकर्मियों ने छात्राओं को पंपलेट वितरित किए और बताया कि किसी भी तरह की परेशानी, उत्पीड़न या असुरक्षा की स्थिति में चुप रहने के बजाय संबंधित हेल्पलाइन की मदद लेनी चाहिए। पुलिस टीम ने विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए उनके उपयोग के बारे में भी विस्तार से समझाया। इस दौरान वूमेन पावर हेल्पलाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, एम्बुलेंस सेवा 108, अग्निशमन सेवा 101 और साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 के बारे में बताया गया। साथ ही प्रदेश सरकार की ओर से संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर छात्राओं को जागरूक किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से छात्राओं को संदेश दिया गया कि जागरूकता ही सुरक्षा की पहली सीढ़ी है। अपने अधिकारों की जानकारी रखना और जरूरत पड़ने पर सही समय पर सहायता लेना प्रत्येक बालिका के लिए जरूरी है। प्रभारी निरीक्षक घनश्याम राम के नेतृत्व में आयोजित इस जागरूकता कार्यक्रम में महिला आरक्षी लकी, महिला आरक्षी मोहिनी चौधरी, आरक्षी काजल और महिला आरक्षी ललतेश सहित थाना कासिमपुर पुलिस टीम मौजूद रही।

ऑपरेशन जागृति के तहत निकाली महिला जागरूकता रैली

ककरबई पुलिस ने छात्राओं को सुरक्षा, स्वावलंबन और कानूनी अधिकारों के प्रति किया जागरूक

अमन लेखनी समाचार

गरौठा (झांसी)। ऑपरेशन जागृति अभियान के तहत ककरबई थाना पुलिस ने कस्बे में महिला जागरूकता रैली निकाली। भगवती स्वरूपानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से शुरू हुई रैली ने पूरे कस्बे का भ्रमण किया। इस दौरान छात्राओं को महिला सुरक्षा, स्वावलंबन और कानूनी अधिकारों की जानकारी दी गई। साथ ही विपरीत परिस्थितियों में सतर्क रहने और जरूरत पड़ने पर हेल्पलाइन नंबरों के माध्यम से सहायता लेने के लिए प्रेरित किया गया। इस मौके पर थानाध्यक्ष योगेंद्र सिंह, एसआई विजयशंकर मिश्रा, महिला सिपाही प्रीति चाहर, कीर्ति शर्मा, ग्राम प्रधान राजेंद्र कुमार तिवारी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

भक्तों ने मां काली के दरबार में लगाई हाजिरी, गूंजी मइया की जय-जयकार

अमन लेखनी समाचार

गुरसरांय (झाँसी) श्रद्धालुओं ने नवरात्र के दूसरे दिन सोमवार को मंदिरों व घरों में मां ब्रह्मचारिणी की पूजा अर्चना की। नगर के तालाब माता मन्दिर सहित बाजार, नई बस्ती, परकोटा, नारायणपुरा, टीचर्स कॉलोनी, गुराई बाजार, कटरा बाजार, मातवाना, मंडी रोड़ सहित अन्य जगहों पर मां की पूजा-अर्चना आरती कर भक्तों ने मां से आशीर्वाद मांगा। वही नगर की ऐतिहासिक माँ काली पूजा पंडाल पटकाना में मां काली की भव्य प्रतिमा देखने के लिए भक्तों का जनसैलाब उमड़ा पड़ा। इस दौरान भक्त मां काली की प्रतिमा देखने के लिए लंबी कतारबद्ध लगे रहे। जैसे ही आरती प्रारंभ हुई सभी भक्तों ने मां काली के चरणों में शीश झुकाकर आशीर्वाद मांगा। पंडाल में भारी भीड़ को देखते हुए कमेटी की ओर से पुख्ता इंतजाम किये गये है। सोमवार को विधिवत पूजन अर्चन पुजारी अभिनव शास्त्री द्वारा कराया गया इसके उपरांत भव्य दिव्य आरती की गई। माँ काली के धार्मिक जयकारों से आसपास का इलाका गुंजायमान बना रहा। भक्तों की भारी भीड़ को देखते हुए कमेटी द्वारा लाइव प्रसारण की व्यवस्था की गयी है। पंडाल में सुरक्षा की दृष्टि से थाना गुरसरांय से सब इंस्पेक्टर सिंगदार सिंह, कांस्टेबल सतेंद्र, अमर पाल सिंह, दीपक सहित मय फोर्स के साथ मौजूद रहे। इस अवसर पर समिति के प्रमुख पदाधिकारी अध्यक्ष पंकज आर्या, उपाध्यक्ष गगन यादव, उपाध्यक्ष सार्थक नायक, उपाध्यक्ष अनुज झां, कोषाध्यक्ष मनोज अग्रवाल, सदस्य अमन माते, गोपी पांचाल, देवेंद्र घोष, राकेश कुमार, सोनू नामदेव, सागर मिश्रा, राजकुमार सोनी, नितेश सोनी, संजय यादव, सजल अग्रवाल, मुकुल नामदेव, मोहित सोनी, मनु अग्रवाल, पुस्पेंद्र नामदेव, मोहित भगत जी, गोलू पालीवाल, राज सेंन, अचेन्त जैन, सौरभ अग्रवाल, हिमांशु विश्वकर्मा, हर्ष व्यास कुनाल रैकवार, हनी नामदेव, शैलू माली, उदित कुमार, कार्तिक लक्ष्कार, रामजी सेन, आशू नामदेव, साहिल लक्षकार, संस्कार कुशवाहा सहित सैकड़ों श्रद्धालुगण और बड़ी संख्या में माँ काली के भक्त उपस्थित रहे।

खास समाचार

अग्रवाल धर्मशाला में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई महाराजा अग्रसेन जयंती

अमन लेखनी समाचार

रेणुकूट। महाराजा अग्रसेन जयंती के पावन अवसर पर अग्रवाल धर्मशाला, रेणुकूट में श्रद्धा एवं उत्साह के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सचिव श्री राम रतन अग्रवाल के साथ श्री सुनील कुमार अग्रवाल, श्री दिनेश बंसल एवं श्री दीपचंद सिंघल जी ने महाराजा अग्रसेन जी को तिलक लगाकर विधिवत आरती एवं पूजा-अर्चना की। इसके पश्चात उपस्थित लोगों के बीच मिष्ठान वितरण किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने ह्लजय श्री अग्रसेन महाराजह्व एवं ह्लजय माता लक्ष्मीह्व के जयकारों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम के दौरान महाराजा अग्रसेन जी के आदर्शों, उनके समाजवाद एवं समानता के संदेश पर प्रकाश डालते हुए ह्लएक ईंट और एक रुपयाह्व की परंपरा के महत्व को बताया गया। यह परंपरा समाज में आपसी सहयोग, भाईचारे और जरूरतमंदों की सहायता करने की भावना का प्रतीक है। महाराजा अग्रसेन जी का जीवन हमें समानता, सेवा, सहयोग और सामाजिक एकता का संदेश देता है। कार्यक्रम का उद्देश्य महाराजा अग्रसेन जी के आदर्शों को जन-जन तक पहुँचाना तथा समाज में एकता, प्रेम और सहयोग की भावना को और मजबूत करना रहा।

भव्य कलश यात्रा के साथ मां के जयकारों से गूंज उठा चोपन नगर

चार प्रमुख पूजा पंडालों में कलश स्थापना के साथ नौ दिवसीय दुर्गा पूजा का शुभारंभ, दुर्गा मैदान में मेले जैसा माहौल।

अमन लेखनी समाचार

चोपन/सोनभद्र- शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर चोपन नगर में रविवार को भव्य कलश यात्रा के साथ नौ दिवसीय दुर्गा पूजा महोत्सव का विधिवत शुभारंभ हुआ। गाजे-बाजे, ढोल-नगाड़ों और मां दुर्गा के जयकारों से पूरा नगर भक्तिमय हो उठा। नगर के दुर्गा मैदान, गड़ईडीह प्रीतनगर, हिल कॉलोनी तथा चोपन बैरियर स्थित पूजा पंडालों में मां दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित कर विधि-विधान से पूजन-अर्चन शुरू किया गया। श्रद्धालुओं ने सोन नदी के शीतला घाट एवं सोनेश्वर तट से कलश में पवित्र जल भरकर भव्य यात्रा निकाली। नाचते-गाते श्रद्धालुओं ने मां के जयकारों के बीच विभिन्न पूजा पंडालों में कलश स्थापना की। मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना शुरू होते ही पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। सभी पूजा पंडालों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। वहीं, दुर्गा मैदान में मेले जैसा माहौल है। झूले, चरखी और घुड़सवारी का आनंद लेने के लिए बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। पूजा महोत्सव के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर थाना प्रभारी निरीक्षक गोपाल जी गुप्ता एवं कस्बा इंचार्ज मनोज सिंह पुलिस बल के साथ मुस्तैद रहे, ताकि श्रद्धालु शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित माहौल में मां के दर्शन और पूजन कर सकें।

खनिजों के अवैध परिवहन पर कार्रवाई, तीन ट्रैक्टर-ट्रॉलियां जब्त

अमन लेखनी समाचार

सिंगरौली। खनिजों के अवैध परिवहन के विरुद्ध खनिज विभाग ने कार्रवाई करते हुए तीन ट्रैक्टर-ट्रॉलियां जब्त की हैं। कार्रवाई कलेक्टर गौरव बैनल के निर्देश और खनिज अधिकारी आकांक्षा पटेल के मार्गदर्शन में की गई। सहायक खनि अधिकारी रामसुशील चौरसिया ने गिट्टी, रेत और कोयले के अवैध परिवहन में संलिप्त वाहनों को जब्त किया। इनमें गिट्टी के परिवहन में लगा वाहन क्रमांक टढ66अ6867 और बिना नंबर की रेत लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली शामिल है। दोनों वाहनों को पुलिस चौकी गोरबी में सुरक्षार्थ खड़ा कराया गया है। वहीं, कोयले के अवैध परिवहन में संलिप्त वाहन क्रमांक खल04अऊ5676 को जब्त कर थाना बरगवां में सुरक्षार्थ खड़ा कराया गया है। जब्त वाहनों के विरुद्ध खनिज नियमों के तहत आगे की कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन के अनुसार, खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण पर निगरानी रखकर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

परियोजना प्रमुख सपत्नीक ने किया घट स्थापित

अमन लेखनी समाचार

बीजपुर (सोनभद्र) एनटीपीसी परिसर स्थित प्रसिद्ध रिहंदेश्वर धाम महादेव मंदिर में विधि-विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ घटस्थापना का कार्यक्रम श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर परियोजना प्रमुख एवं कार्यकारी निदेशक संजय असाटी तथा महिला मंडल की अध्यक्षा नीलू असाटी ने संयुक्त रूप से कलश स्थापित कर विधिवत पूजा-अर्चना की। मंदिर के मुख्य पुजारी राधेश्याम दुबे के मंत्रोच्चार ने संपूर्ण वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कलश स्थापना के दौरान महाप्रबंधक (प्रचालन) पी के नायक, पूजा समिति के अध्यक्ष अपर महाप्रबंधक एन एस कोरंगा, महासचिव विजेंद्र कुमार मीना, मंदिर समिति के अध्यक्ष योगेश त्रिपाठी, मानव संसाधन विभाग प्रमुख राजेश बोईपाई, अपर महाप्रबंधक पी लक्ष्मी, मंदिर समिति के उपाध्यक्ष जी सी साहु, आर एन वर्मा, महासचिव प्रमोद द्विवेदी, संजय कुमार, अनिल त्रिपाठी, विजय गुप्ता, एस के बी पाठक, भीष्म सिंह, सूरज प्रजापति आदि के साथ अनेकानेक श्रद्धालुओं ने धार्मिक अनुष्ठान एवं आरती में श्रद्धापूर्वक सहभागिता की। परियोजना प्रमुख ने पूजा-अर्चना के माध्यम से क्षेत्र वासियों के सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। रिहंदेश्वर महादेव मंदिर में आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम ने श्रद्धा, आस्था एवं आध्यात्मिक वातावरण को सुदृढ़ करने का संदेश दिया। मंदिर समिति के मीडिया प्रभारी ने बताया कि बीस अक्टूबर तक नियमित रूप से सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम मंदिर एवं पूजा पंडाल में आयोजित किया जाएगा। मंदिर समिति के अध्यक्ष अपर महाप्रबंधक योगेश त्रिपाठी ने बताया कि मां जगदम्बा की उपासना से भक्तों को सुख, शांति, समृद्धि और सकारात्मक ऊर्जा की प्राप्ति होती है। उन्होंने शक्ति साधना के महापर्व में सभी सनातनी को शामिल होने और पूण्य का लाभ उठाने का आह्वान किया। इस अवसर पर परियोजना के अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी, पूजा समिति एवं मंदिर समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सभी की सहभागिता ने इस धार्मिक आयोजन की गरिमा को बढ़ाया।

जनपद के लगभग 30 ग्रामों में बंदरों का आतंक किसान कुछ नहीं कृषि विकास कर सकता: जिला प्रशासन ध्यान दें

अमन लेखनी समाचार

चित्रकूट। जनपद में लगभग 30 ग्राम पंचायतों में बंदरों का आतंक किसान के कृषि विकास में बाधा डाल रहे हैं। जनपद के सभी तहसीलों के अंतर्गत कई ग्रामों में बंदरों ने डेरा डाल दिया और उनकी जनसंख्या बढ़ती जा रही है। चित्रकूट परिक्षेत्र में बंदरों का आतंक पहले था लेकिन अब मऊ तहसील राजपुर तहसील मानिकपुर तहसील के अंतर्गत कई ग्रामों में बंदरों ने किसान को फल सब्जी व फसल न बोने को मजबूर कर दिया। सरकार का कहना है कि किसान की आमदनी दुगना की जाएगी लेकिन एक तरफ सरकार की मार एक तरफ बंदरों की मार से किसान परेशान हैं। जनपद चित्रकूट में पहले जंगली सूअर नील गाय किसान का कुछ थोड़ा नुकसान कर देते थे लेकिन अब अन्ना गोवंश में अंकुश लगने के बाद बंदरों के आतंक से किसान भुखमरी के कगार पर आ रहा है। बंदरों के कारण जो किसान फल सब्जी बोकर बेचंता था अब उसी को खरीदना पड़ता है। जनपद के जिन ग्रामों में बंदरों का आतंक और जनसंख्या बढ़ती जा रही है जिला प्रशासन को वन विभाग के द्वारा इनको पड़कर यदि सुरक्षित स्थान में नहीं भेजा जाता तो आगे के बरसों में यह पूरे जनपद में अपना कब्जा कर लेंगे। एक बंदर 1 वर्ष में दो बच्चा देता है और उनकी उम्र भी ज्यादा होती है। जिन ग्रामों में बंदरों का आतंक है वहां पर महिलाएं सुरक्षित खाना नहीं बना पाती और उल्टा बाजार का खरीदा सामान लेकर भाग जाते हैं और लोगों को काटते हैं।

आश्रम परिसर में निःशुल्क चिकित्सा सेवा, मरीजों को मिला लाभ

अमन लेखनी समाचार

रेणुकूट। पिपरी स्थित श्री अनंत पद्मावती सेवा आश्रम परिसर में रविवार को निःशुल्क चिकित्सा सेवा का आयोजन किया गया। इस दौरान बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. आनंद पटेल ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और उनकी समस्याओं का समाधान किया। पिपरी और रेणुकूट क्षेत्र सहित आसपास के इलाकों के लोगों ने इस सेवा का लाभ उठाया। डॉ. आनंद पटेल ने बताया कि बदलते मौसम में लोगों को सतर्क रहने की आवश्यकता है। इस समय वायरल फीवर तेजी से फैल रहा है, इसलिए सभी को स्वच्छता और खानपान पर विशेष ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि समय पर इलाज और सावधानी से बीमारी को रोका जा सकता है। आश्रम संचालक पंडित वीर विक्रम नारायण पांडेय ने बताया कि प्रत्येक रविवार को आश्रम परिसर में निःशुल्क चिकित्सा सेवा का आयोजन किया जाता है। इस सेवा का विशेष लाभ नगर और आसपास के क्षेत्र में झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले गरीब एवं जरूरतमंद लोग उठाते हैं। स्थानीय लोगों ने इस सेवा की सराहना करते हुए कहा कि इससे उन मरीजों को राहत मिलती है जिन्हें आर्थिक तंगी के कारण उचित इलाज नहीं मिल पाता।

कलात्मक अभिव्यक्ति के बहुरंगी महोत्सव के रूप में सम्पन्न हुआ एलडब्ल्यूजी लिटफेस्ट 4.0

अमन लेखनी समाचार

मुंबई, साहित्य, कविता, संगीत, नृत्य और कलात्मक अभिव्यक्ति के विविध रंगों से सजा लिटरेरी वॉरियर्स ग्रुप (एलडब्ल्यूजी) लिटफेस्ट 4.0 लखनऊ मेट्रो क्लब के सभागार में दो दिवसीय आयोजन के साथ सम्पन्न हुआ। इस साहित्यिक महोत्सव में देश के विभिन्न क्षेत्रों से आये लेखकों, कवियों, पाठकों, कलाकारों और साहित्य प्रेमियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

महोत्सव का उद्घाटन उत्तर प्रदेश मेट्रो कॉर्पोरेशन के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार ने किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश मेट्रो के निदेशक (परिचालन) प्रशांत मिश्रा और निदेशक (सिस्टम एवं रोलिंग स्टॉक) नवीन कुमार उपस्थित थे। एलडब्ल्यूजी संस्था की सह-संस्थापक रेणु मिश्रा ने उद्घाटन समारोह का संचालन किया। संस्था की संस्थापक नीलम सक्सेना चंद्रा भी इस अवसर पर मौजूद रहीं। अपने सम्बोधन में सुशील कुमार ने समाज को सही दिशा दिखाने में साहित्य की महत्त्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने लखनऊ मेट्रो में कला और साहित्य को प्रोत्साहित करने के लिए किये जा रहे प्रयासों की भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मेट्रो परिसर में रचनात्मक गतिविधियों के लिए विशेष स्थान उपलब्ध कराने और कला एवं साहित्य से जुड़ी नियमित प्रदर्शनियों के माध्यम से सांस्कृतिक अभिव्यक्ति को बढ़ावा देने की पहल की जा रही है। इस दो दिवसीय महोत्सव का आयोजन अभिव्यक्ति और कला-कुटीर नामक दो सभागारों में किया गया। यहाँ साहित्यिक विमर्श, पुस्तक लोकार्पण, काव्यपाठ, कार्यशालाओं, प्रतियोगिताओं और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की विविध श्रृंखलाओं ने आयोजन को बहुआयामी स्वरूप प्रदान किया। महोत्सव के दौरान कई पुस्तकों और काव्य-संकलनों का लोकार्पण किया गया। इनमें एलडब्ल्यूजी के संकलन रीवाइंडझयादें अनप्लग्ड और अनफॉरगेटेबल स्ट्रेंजर के साथ नीलम सक्सेना चंद्रा, संतोष बकाया, सुरेखा साहू, संगीता गर्ग, सोमदत्ता मित्रा, जवाहर लाल, अपर्णा प्रधान, रेणु मिश्रा, मधुमिता भट्टाचार्य नैयर, प्रीति पांडेय, हरप्रीत कौर प्रीत और आशु मंदीप रात्रा की पुस्तकें शामिल रहीं। सुप्रसिद्ध गायिका संजीवनी भेलांडे की पुस्तक मीरा एंड मी का लोकार्पण प्रमुख आकर्षण का केंद्र रहा। इसके बाद नीलम सक्सेना चंद्रा के साथ उनकी एक रोचक संवाद-परिचर्चा हुई, जिसमें मीरा, लेखन, प्रसिद्धि और प्रेम जैसे विषयों पर विचार साझा किये गये। पोएटिक लाइसेंस, काव्य मंच, बहुभाषी कविता-पाठ, मुशायरा और दास्तान-ए-सुखन जैसे कार्यक्रमों में विभिन्न भाषाओं की काव्यात्मक अभिव्यक्तियों ने श्रोताओं को भावविभोर किया। अंग्रेजी, हिंदी और उर्दू में कविता-पाठ प्रतियोगिता? भी आयोजित की गईं। अंग्रेजी प्रतियोगिता का संचालन डॉ. मैत्रेयी जोशी, हिंदी प्रतियोगिता का आशु रात्रा और उर्दू प्रतियोगिता का संचालन अजय वर्मा ने किया। साहित्य और समाज के बदलते सम्बंधों पर केंद्रित परिचर्चाओं ने भी महोत्सव को वैचारिक गहराई प्रदान की। कर्नल सलिल जैन के संचालन में सोशल मीडियाझहिंदी साहित्य का नया मंच या नई चुनौती विषय पर सार्थक चर्चा हुई। वहीं सोमदत्ता मित्रा के संचालन में मेटामॉर्फोसिसझ समकालीन समय में साहित्य का विकास विषयक परिचर्चा आयोजित की गई। इन सत्रों में साहित्य की बदलती प्रवृत्तियों, डिजिटल माध्यमों की भूमिका और समकालीन रचनात्मकता पर विचार-विमर्श हुआ।

पुलिस अधीक्षक चित्रकूट द्वारा थाना बरगढ़, थाना मऊ का आकस्मिक निरीक्षण किया गया

अमन लेखनी समाचार

चित्रकूट।पुलिस अधीक्षक चित्रकूट अरुण कुमार सिंह द्वारा थाना बरगढ़, थाना मऊ का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा सर्वप्रथम थाना परिसर, कार्यालय, बैरक, हवालात, मालखाना, शस्त्रागार, भोजनालय तथा सीसीटीएनएस कार्यालय का भ्रमण कर साफ-सफाई एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। तत्पश्चात थाना के अभिलेखों यथा अपराध रजिस्टर, त्यौहार रजिस्टर, ग्राम अपराध रजिस्टर, आगन्तुक रजिस्टर, महिला हेल्प डेस्क, मिशन शक्ति एवं साइबर हेल्प डेस्क रजिस्टर का अवलोकन किया गया और सभी अभिलेखों को अद्यावधिक व सुव्यवस्थित रखने हेतु प्रभारी निरीक्षक बरगढ़, मऊ को निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना पर आने वाले फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर उनका त्वरित, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये। महिला हेल्प डेस्क पर नियुक्त महिला कर्मियों से वार्ता कर मिशन शक्ति अभियान 5.0 के द्वितीय चरण के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के प्रति जागरूक करने हेतु व्यापक अभियान चलाने हेतु निर्देशित किया गया। समस्त पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारीगण को ड्यूटी के दौरान अनुशासन, निर्धारित वर्दी धारण करने, आमजन से शालीन एवं सहयोगात्मक व्यवहार रखने तथा आगामी शारदीय नवरात्रि व त्यौहारों के दृष्टिगत थाना क्षेत्र में सतर्क दृष्टि बनाए रखने एवं कानून-व्यवस्था सुदृढ़ रखने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी मऊ फहद अली, प्रभारी निरीक्षक बरगढ़ रीता सिंह, प्रभारी निरीक्षक मऊ राजेश प्रताप सिंह, पीआरओ पंकज तिवारी एवं थाना बरगढ़ के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

जनसंवाद में मंत्री आशीष पटेल ने सुनीं फरियादें, अधिकारियों को दिए निस्तारण के निर्देश



बिजली, पेंशन, स्वास्थ्य, शिक्षा और सड़क से जुड़ी समस्याएं लेकर पहुंचे सैकड़ों फरियादी

अमन लेखनी समाचार

मीरजापुर। अपना दल (एस) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल ने रविवार को भरूहना स्थित सांसद जनसंपर्क कार्यालय में जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे सैकड़ों फरियादियों ने अपनी शिकायतें रखीं। सरदार पटेल चौराहा (पटेल चौक) स्थित कार्यालय में आयोजित जनसंवाद में बिजली, पेंशन, स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, राजस्व और पुलिस से संबंधित मामले सामने आए। अपना दल (एस) और एनडीए के घटक दलों के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने भी विभिन्न समस्याओं से मंत्री को अवगत कराया। मंत्री आशीष पटेल ने फरियादियों की समस्याएं सुनने के बाद संबंधित विभागों के अधिकारियों से फोन पर बात की। उन्होंने शिकायतों का त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आम लोगों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सरकार की प्राथमिकता है। जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। कार्यक्रम में अपना दल (एस) और भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे

अमन लेखनी
(हिन्दी दैनिक)

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक–
श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक –
रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address
amanlekhaninews@gmail.com

जेलर 2 का विदेशों में जलवा रिलीज से पहले कमाए करोड़ों

मुंबई। 'जेलर 2' ने एडवांस बुकिंग के जरिए दुनियाभर में 22 करोड़ रुपए से ज्यादा की कमाई कर ली है। खास बात यह है कि भारत में फिल्म की एडवांस बुकिंग अभी पूरी तरह से शुरू भी नहीं हुई है। 'जेलर 2' को सबसे ज्यादा फायदा उत्तरी अमेरिका, खासकर अमेरिका से मिल रहा है। इसके अलावा संयुक्त अरब अमीरात, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया और यूरोप में भी फिल्म को अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। रिलीज से चार दिन पहले तक रजनीकांत की फिल्म 'जेलर 2' ने दुनियाभर में एडवांस बुकिंग से 22.32 करोड़ रुपए कमा लिए हैं। इसमें सबसे ज्यादा कमाई विदेशों से हुई है। विदेशी बाजारों से फिल्म को 17 करोड़ रुपए से ज्यादा मिले हैं। घरेलू मार्केट में फिल्म ने अब तक 5.32 करोड़ रुपए कमाए हैं।

लाइफ Style

जाह्नवी

नंगे पैर मां नैना देवी के दर्शन कर रखा व्रत

खूबसूरत वादियों से घिरा सरोवर नगरी नैनीताल इन दिनों बॉलीवुड सितारों की मौजूदगी से गुलजार है। मशहूर अभिनेत्री जाह्नवी कपूर और रिया चक्रवर्ती अपनी आने वाली नई थ्रिलर-रोमांटिक फिल्म 'पीएन 36' की शूटिंग के सिलसिले में यहां डेरा डाले हुए हैं।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पहाड़ों की शांत फिजाओं, बदलते मौसम और खूबसूरत झीलों के बीच फिल्म की शूटिंग जोर-शोर से चल रही है। दोनों अभिनेत्रियों के शहर में होने से स्थानीय लोगों और पर्यटकों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। रविवार को नवरात्रि के पहले दिन जाह्नवी कपूर पूरी तरह भक्ति भाव में डूबी नजर आईं। उन्होंने नवरात्रि का व्रत रखा और अपने होटल से करीब 150 मीटर पैदल चलकर प्रसिद्ध मां नयना देवी मंदिर पहुंचीं। दोपहर ठीक 12:45 बजे जाह्नवी अपने सुरक्षा कर्मियों के साथ बेहद सादे लिबास में पार्किंग से नंगे पैर मंदिर परिसर में दाखिल हुईं। उन्होंने मां की विधिवत आरती उतारी और विशेष पूजा-अर्चना की। इसके बाद जाह्नवी ने मंदिर परिसर का भ्रमण किया और शिवलिंग पर जल चढ़ाकर आशीर्वाद लिया। फिल्म 'पीएन 36' की शूटिंग शहर के कई खूबसूरत कोनों में की जा रही है। जाह्नवी और रिया ने नैनीताल के बदलते मौसम, बारिश और बादलों के सुहावने माहौल के बीच फिल्म के एक खास रोमांटिक गाने के दृश्य शूट किए। 10 अक्टूबर को दोनों अभिनेत्रियों ने नैनीताल के स्विस होटल में अहम सीन फिल्माए। इसके अलावा नैनीताल से बाहर स्थित होटल 'नम:' में भी फिल्म के कुछ हिस्से कैमरे में कैद किए गए हैं।

हॉलीवुड मसाला

वीडियो गेम पर आधारित है

स्ट्रीट फाइटर

लॉस एंजिल्स। विद्युत जामवाल की हॉलीवुड डेब्यू फिल्म 'स्ट्रीट फाइटर' भारत में 16 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म को अंग्रेजी, हिंदी, तमिल और तेलुगु भाषाओं में रिलीज किया जाएगा। अब देखना होगा कि हॉलीवुड के बड़े कलाकारों के साथ विद्युत जामवाल का एक्शन अवतार भारतीय दर्शकों को कितना पसंद आता है। जापानी-अमेरिकी डायरेक्टर कितानो तकुराई के डायरेक्शन में बनी 'स्ट्रीट फाइटर' इसी नाम की मशहूर वीडियो गेम सीरीज पर आधारित है। फिल्म में नोआ सेंटिनियो, जेसन मोमोआ, एंड्रयू कोजी, रयू और रोजना मैनेजा हीरोज के किरदार में नजर आएंगे।

अमेरिकन आइडल में दिख चुके कैलिब को उम्रकैद

लॉस एंजिल्स। 'अमेरिकन आइडल' में नजर आ चुके ओहायो के रहने वाले 40 वर्षीय कैलिब विल्सन को कोर्ट ने बिना पैरोल के उम्रकैद की सजा दी है। पिछले हफ्ते जूरी ने उन्हें अपनी पत्नी एश्ले विल्सन की हत्या का दोषी ठहराया था। अभियोजन पक्ष के मुताबिक, कैलिब ने फरवरी में अपने घर में हुई पत्नी की हत्या को चोरी की घटना दिखाने की कोशिश की थी। उन्होंने दावा किया था कि घर में घुसे एक चोर ने उनकी पत्नी एश्ले विल्सन की हत्या कर दी। एश्ले 37 साल की थीं और स्कूल टीचर होने के साथ-साथ जीवविज्ञान कोच भी थीं। कैलिब 2013 में 'अमेरिकन आइडल' में नजर आए थे। उस दौरान उन्होंने बताया था कि उनकी पत्नी एश्ले ने उन्हें सिंगिंग कॉम्पिटिशन में अपने सपने पूरे करने के लिए प्रोत्साहित किया था।

अंजलि ने बयां किया बदनामी का दर्द

नई दिल्ली। सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर अंजलि अरोड़ा की पिछले महीने फिल्म 'महाकाव्य श्री रामायण कथा' रिलीज हुई। इस फिल्म में अंजलि अरोड़ा ने माता सीता का रोल अदा किया है। फिल्म सिनेमाघरों में नहीं चल पाई। 'महाकाव्य श्री रामायण कथा' थिएटर्स में अता पता लापता हो गई। फिल्म की रिलीज से पहले अंजलि अरोड़ा की कास्टिंग पर भी जमकर बवाल हुआ था। सोशल मीडिया यूजर्स ने अंजलि को माता सीता के रोल में कास्ट करने पर सवाल खड़े किए थे। लोगों ने उनकी इमेज को लेकर उन्हें खूब ट्रोल भी किया था। सोशल मीडिया पर होने वाली ट्रोलिंग और आम जिंदगी में मिली बदनामी के बारे में अपना दर्द बयां करते हुए अंजलि अरोड़ा के आंसू छलक पड़े। अंजलि कहती हैं कि उनकी कास्टिंग पर सवाल उठाते हुए लोगों ने गंदी-गंदी बात कही।

दशरथ के चरणों में राम ने झुकाया सिर

मुंबई। 'रामायण' में नए पोस्टर्स में रणबीर कपूर भगवान राम के रूप में दो दृश्यों में नजर आ रहे हैं, जिनमें उनके पिता राजा दशरथ (अरुण गोविल) भी शामिल हैं। यह जानकारी मेकर्स द्वारा लारा दत्ता को कैकेयी और शीबा चड्ढा को मंथरा के रूप में पेश किए जाने के एक दिन बाद सामने आई है। जारी किए गए पोस्टर में में रणबीर कपूर भगवान राम के रूप में और अरुण गोविल राजा दशरथ के रूप में नजर आ रहे हैं। पहले पोस्टर में राम के वनवास के पहले की झलक देखने को मिलती है, जहां वनवास में जाने से पहले राम अपने पिता राजा दशरथ के सामने झुककर प्रणाम करते हुए दिख रहे हैं, जबकि दूसरे में वे ज्येष्ठ पुत्र होने के नाते अपने पिता की अस्थि विसर्जित करते हुए दिखाए गए हैं। पोस्टर जारी करते हुए मेकर्स ने कैप्शन में लिखा- 'एक पिता, जो अपने वादे से बंधा है।

टीवी मसाला

नवरात्रि : रश्मि और तोरल ने बताया शक्ति का सही मतलब

मुंबई। नवरात्रि का पर्व नारी शक्ति की आराधना और असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक रहा है। हालांकि, वर्तमान दौर की व्यस्त और प्रतिस्पर्धी जिंदगी में एक स्त्री के लिए असल 'शक्ति' के मायने बदले हैं। कभी यह शक्ति अपनी सीमाओं को तय करने के लिए मजबूती से 'ना' कहना हो सकती है, तो कभी उन्हीं के सामने असफलता को स्वीकार करना या कभी हर दबाव में अपनी बात बेबाकी से रखना। ऐसे में छोटे पर्दे की कुछ अभिनेत्रियां बता रही हैं उनके लिए शक्ति के सही मायने। धारावाहिक 'सावी' में माया की भूमिका निभा रहीं अभिनेत्री रश्मि देसाई कहती हैं, 'मेरे लिए शक्ति का मतलब है कि अपनी बात कह पाना और अपने निर्णयों की जिम्मेदारी लेना। हर बार हां कहना आवश्यक नहीं होता है। अपने करियर में मैंने कई प्रस्ताव इसलिए ठुकराए, क्योंकि कहानी या पात्र से जुड़ाव महसूस नहीं हुआ। ऐसे निर्णय आसान नहीं होते। मेरे लिए एक महिला का अपनी बात कह पाना भी शक्ति है।' वहीं, धारावाहिक हस्तिनापुर के दौर में कुंती की भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री तोरल रासपुत्र कहती हैं, 'मेरे लिए शक्ति का मतलब सिर्फ दूसरों के सामने मजबूत दिखना नहीं है, बल्कि खुद के प्रति ईमानदार रहना भी है। सही जगह पर न कहना, अपनी बात और अपनी सीमाओं को सम्मान के साथ रखना और जब जरूरत हो तो खुद के लिए खड़े होना, मेरे लिए यही असली शक्ति है।' तोरल ने कहा, 'इस शक्ति का एहसास मुझे तब हुआ जब मैंने समझा कि हर किसी को खुश करना संभव नहीं है और ऐसा करना जरूरी भी नहीं है।'

गुल्लू की टिप्पणी से आम्रपाली की बहन हुई नाराज

नई दिल्ली। सलमान खान का टीवी शो बिग बॉस 20 इन दिनों चर्चा में है। इसमें आए दिन कुछ ना कुछ विवादित हो रहा है। ताजा मामला आम्रपाली दुबे से जुड़ा है। एक टास्क के दौरान भोजपुरी अभिनेत्री आम्रपाली दुबे पर गुल्लू की टिप्पणी को लेकर विवाद हो गया। इस पर उनके परिवार ने आपत्ति की है। प्रतियोगियों के बीच विवाद तब और बढ़ गया जब गुल्लू ने आम्रपाली और लाल मिर्च को 'मोटू-फटू' कहा। गुल्लू की टिप्पणी पर आम्रपाली की बहन आंचल ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने जताया कि नेशनल टेलीविजन पर लड़ाई के दौरान बॉडी शेमिंग का इस्तेमाल करना ठीक नहीं है। ताजा विवाद पर प्रतिक्रिया देते हुए, आंचल ने अपनी बहन के बारे में ऐसी बातें कहने के लिए गुल्लू और माही विज की आलोचना की। उन्होंने कहा कि किसी व्यक्ति के लुक या शरीर की बनावट का मजाक कभी नहीं उड़ाया जाना चाहिए, चाहे झगड़ा ही क्यों न हो।

दुनिया की पहली एआई हॉरर फिल्म जमलोक का पोस्टर जारी

नई दिल्ली। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से फिल्म निर्माण अब बॉलीवुड की फीचर फिल्मों तक पहुंच रहा है। एआई फिल्म निर्माण कंपनी कोयल और फिल्म प्रोडक्शन हाउस वेववैंड प्रोडक्शन ने दुनिया की पहली एआई हॉरर फिल्म 'जमलोक' बनाने के लिए हाथ मिलाया है। दिल्ली के इंडिया हैबिटेट सेंटर में आयोजित 'अनकैनी इंडिया' फेस्टिवल में फिल्म का पहला पोस्टर जारी किया गया। फिल्म में एआई तकनीक और वास्तविक कलाकारों के अभिनय का इस्तेमाल किया जाएगा। कोयल के सह-संस्थापक और सीईओ मेहुल अग्रवाल ने कहा कि यह दुनिया की पहली एआई हॉरर फिल्म होगी. उन्होंने बताया कि फिल्म में भावनात्मक सीन्स के लिए वास्तविक कलाकारों के अभिनय का इस्तेमाल किया जाएगा, जबकि बैकग्राउंड, सेट, अतिरिक्त किरदारों, अन्य विजुअल सामग्री और कॉस्ट्यूम तैयार करने में

एआई की अहम भूमिका होगी। निर्माण के दौरान कलाकारों की शक्ल-सूरत का इस्तेमाल भी AI तकनीक के जरिए किया जाएगा। पोस्टर लॉन्च के मौके पर वेववैंड प्रोडक्शन के अमर झुनझुनवाला और कंपनी की सह-संस्थापक शिखा करण अहलूवालिया भी मौजूद रहे। अनकैनी इंडिया' भारत में आयोजित कोयल के 'अनकैनी वैली फेस्ट' का पहला संस्करण था। इसमें फिल्म निर्माता, कंटेंट क्रिएटर, छात्र और टेक्नोलॉजी क्षेत्र से जुड़े पेशेवर शामिल हुए।

नीता संग रणवीर ने जमकर किया गरबा, नवरात्रि के रंग में रंगे एक्टर

'स्वदेश' की पहली सालगिरह के मौके पर 'धुरंधर' एक्टर रणवीर सिंह ने नीता अंबानी के साथ जमकर जश्न किया। नवरात्रि की एक रात पहले हुए इसी इवेंट का एक वीडियो ऑनलाइन वायरल हो रहा है। अंबानी परिवार ने 'स्वदेश' की पहली सालगिरह एक इवेंट के तौर पर मनाई, जिसमें कई जाने-माने चेहरे शामिल हुए। इस जश्न की शाम का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें नीता अंबानी अपनी बेटी ईशा और रणवीर सिंह के साथ डांस करती दिख रही हैं।

मुंबई। दो बेटियों के सुपरस्टार पिता रणवीर सिंह 'धुरंधर 2' की रिलीज के बाद से ही बहुत कम पब्लिक में नजर आए हैं। हालांकि, शनिवार शाम 10 अक्टूबर को रणवीर मुंबई में 'स्वदेश इंडिया' की पहली सालगिरह के जश्न में शामिल हुए। रिलायंस फाउंडेशन के इस खास आर्ट और क्राफ्ट स्टोर ने नवरात्रि की एक रात पहले देवी शक्ति का सम्मान करते हुए एक कार्यक्रम आयोजित किया, जिसकी मेजबानी नीता अंबानी ने की। अब इस जश्न का एक इनसाइड वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें रणवीर सिंह और नीता अंबानी साथ में गरबा करते हुए नजर आ रहे हैं। वायरल वीडियो में रणवीर नवरात्रि के जश्न में जमकर गरबा करते नजर आ रहे हैं। वहीं नीता अंबानी



भी उनके साथ इस उत्सव का आनंद लेती दिखीं। उनके खुशमिजाज पत्नी ने फैंस का ध्यान खींचा है, क्योंकि नौ दिन तक चलने वाला यह त्योहार रविवार 11 अक्टूबर को शुरू हुआ और मंगलवार 20 अक्टूबर को दशहरा के साथ इसका समापन होगा। दीपिका पादुकोण के साथ अपनी अपनी दूसरी बेटी का स्वागत करने वाले एक्टर रणवीर ने खूबसूरत पारंपरिक कपड़ों में शानदार एंट्री की। उन्होंने फ्लोरल-एम्ब्रॉयडरी वाली जैकेट के साथ मैचिंग कुर्ता और व्हाइट बॉटम पहना था। उन्होंने स्टाइलिश सनग्लासेस और अपने सिग्नेचर डायमंड स्टड्स के साथ अपना लुक पूरा किया, जिससे उनके फेस्टिव आउटफिट को एक शाही अंदाज मिला।

'चलो बुलावा आया है' से 'मन तेरा मंदिर' तक

मां दुर्गा के ये गाने जो बना देंगे त्योहार को बेहद खास

नई दिल्ली। नवरात्रि प्रार्थना, भक्ति और उत्सव का समय है, जब भक्त मां दुर्गा की पूजा और भक्ति करते हैं। पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ-साथ, भक्ति गीत और भजन भी उत्सव में अहम भूमिका निभाते हैं, जिससे घरों, मंदिरों और सामुदायिक पंडालों में आध्यात्मिक माहौल बन जाता है। नरेंद्र चंचल की दमदार आवाज से लेकर सदाबहार बॉलीवुड भक्ति गीतों और पारंपरिक संस्कृत मंत्रों तक, देवी को समर्पित संगीत पीढ़ियों से नवरात्रि उत्सव का एक अहम हिस्सा रहा है। चाहे वह 'चलो बुलावा आया है' की जानी-पहचानी पुकार हो, 'अंबे तू है जगदंबे काली' की भक्ति-भावना हो या 'अयगिरि नंदिनी' के जोश भरे बोल हों, ये गाने भक्तों को त्योहार की भावना से जोड़ते हैं।

चलो बुलावा आया है

माता की पूजा से जुड़े मशहूर भक्ति गीतों में से एक 'चलो बुलावा आया है', दशकों से भक्तों का पसंदीदा रहा है। यह गाना गायक नरेंद्र चंचल ने गाया है, जिनकी दमदार और भावपूर्ण आवाज ने माता के भक्तों की भक्ति-भावनाओं का एक जाना-पहचाना हिस्सा बना दिया. इसके बोल देवी के दर्शन के लिए दैवीय निमंत्रण मिलने का एहसास कराते हैं, जिससे यह जागरण, मंदिर की यात्राओं और त्योहार की प्रार्थनाओं के दौरान बहुत लोकप्रिय हो जाता है। कई भक्तों के लिए यह गाना भक्त और मां दुर्गा के बीच के भावनात्मक जुड़ाव को दर्शाता है।

हे नाम रे, सबसे बड़ा तेरा नाम, ओ शेरोंवाली

हमेशा लोकप्रिय रहने वाला भक्ति गीत 'हे नाम रे, सबसे बड़ा तेरा नाम, ओ शेरोंवाली' नवरात्रि उत्सव के दौरान खूब सुना जाता है। हिंदी फिल्म 'सुहाग' (1979) का यह गाना अमिताभ बच्चन और रेखा पर फिल्माया गया है और इसमें देवी की शक्ति और महिमा का गुणगान किया गया है। इसके जोशीले धुन और दमदार मुखड़ा त्योहारों पर खूब बजाया जाता है। यह गाना उन लोगों को बहुत पसंद आता है जो नवरात्रि के दौरान क्लासिक हिंदी फिल्मी संगीत सुनना पसंद करते हैं।

मन तेरा मंदिर

'मन तेरा मंदिर, आंखें दिया-बाती' 1978 की फिल्म 'भक्ति में शक्ति' का एक भक्ति गीत है। महेंद्र कपूर और बिलराज कौर द्वारा गाए गए इस गाने में ईश्वर के प्रति श्रद्धा और समर्पण दिखाने के लिए मंदिर और जलते हुए दीपक की कल्पना की गई है। यह गाना क्लासिक हिंदी फिल्मी भजनों की सदाबहार लोकप्रियता को भी दर्शाता है, जिनमें अक्सर आसान धुनों के साथ गहरे आध्यात्मिक विषयों का मेल होता था।

मां तेरे दरबार

देवी के दरबार की महिमा का गुणगान करने वाले भक्ति गीत माता के भजनों की परंपरा में एक खास जगह रखते हैं। 'मां तेरे दरबार' गाना भक्तों द्वारा देवी का आशीर्वाद, सुकून और सुरक्षा पाने की इच्छा से जुड़ा है।

मैं बालक तू माता

'मैं बालक तू माता' का भक्तिपूर्ण भाव एक भक्त और देवी के बीच के उस रिश्ते को दिखाता है, जिसमें बच्चा मां की ममता और देखभाल चाहता है। इसमें श्रद्धा, समर्पण और बिना शर्त प्यार का संदेश है, जो इसे नवरात्रि की प्रार्थनाओं के लिए बहुत खास है। यह गाना कई सालों से अलग-अलग भक्तिपूर्ण रूपों में गाया जाता रहा है। सुनने वाले अपनी पसंद के हिसाब से इसका पारंपरिक वर्शन या आज के समय की रिकॉर्डिंग चुन सकते हैं।

मैया तेरी जय-जयकार

मां दुर्गा की जीत और महिमा का गुणगान करने वाले गाने नवरात्रि की खास पहचान हैं। 'मैया तेरी जय-जयकार' अपनी भक्तिपूर्ण स्तुति और उत्सव के माहौल के जरिए इसी भावना को दिखाता है।